गांव की गलियों से सरहद पार तक

dainikworldwisenews@gmail.com

# वर्ल्ड वाइज न्यूज

डब्ल्यू डब्ल्यू एन

RNI.NO: JHAHIN/2023/85732

हजारीबाग ▪ सोमवार,10 मार्च,2025 ▪ विक्रम सम्वत् 2081 ▪ पृष्ठ 12 ▪ मूल्य :5 रू ▪ वर्ष :02 ▪ अंक: 233 ▪ झारखंड संस्करण

स्वच्छ पत्रकारिता, स्वस्थ पत्रकारिता



वर्ल्ड टूरिज्म ब्राजील।

# रक्षा मंत्री की मौजूदगी में एचएएल को सौंपा गया एलसीए मार्क-1ए का पहला हिस्सा

### सशस्त्र बलों को लगातार मजबूत करने के लिए एचएएल और निजी क्षेत्र की भूमिका को सराहा

एजेंसी। नई दिल्ली

स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1ए का पहला रियर फ्यूजलेज (पिछला हिस्सा) रविवार को निजी उद्योग अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंप दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारत के रक्षा विनिर्माण की ऐतिहासिक यात्रा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह रक्षा में आत्मनिर्भरता और भारत की प्रगति का एक और प्रमाण है। कर्नाटक के बेंगलुरु में एचएएल के एयरक्राफ्ट डिवीजन में हुए इस समारोह में रक्षा मंत्री ने नवीनतम प्लेटफॉर्म और प्रौद्योगिकियों के साथ सशस्त्र बलों को लगातार मजबूत करने के लिए एचएएल और निजी क्षेत्र की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि एचएएल न केवल सैनिकों की ताकत बढ़ा रहा है, बल्कि निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करके विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास के नए आयाम भी खोल रहा है। रक्षा मंत्री ने एचएएल को देश के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र का धड़



बताया, जिसमें एलएंडटी, अल्फा टोकोल, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और वीईएम टेक्नोलॉजीज जैसी निजी कंपनियां अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विमान का मुख्य हिस्सा धड़ हिस्सा होता है, जिसमें पायलट, यात्री और माल होता है, जबकि पिछला धड़ टेल सेक्शन और उससे जुड़े कलपुर्जों को सहारा देता है। इन भारतीय कलपुर्जों के साथ हमारे रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में निर्मित होने वाले विमान आने वाले समय में और अधिक ऊंचाइयों को छुएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे साहसी वायु योद्धाओं ने अमूल्य योगदान दिया है, लेकिन स्वदेशी रूप से निर्मित किए जा रहे उपकरण उन्हें अतिरिक्त ताकत प्रदान कर रहे हैं, जिसके साथ वे हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एचएएल और निजी क्षेत्र हर चुनौती को पार करके सशस्त्र बलों को हर तरह से मजबूत करेंगे। दरअसल, एचएएल ने 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए एलएंडटी, अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल), वीईएम टेक्नोलॉजीज और लक्ष्मी मिशन वर्क्स (एलएमडब्ल्यू) जैसी विभिन्न भारतीय निजी कंपनियों को ऑर्डर दिए थे। एचएएल ने पहले ही 12 रियर फ्यूजलेज का निर्माण कर लिया है, जो विनिर्माण लाइन में विमान पर हैं।

## रक्षा मंत्री ने एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए रिसर्च बढ़ाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। उन्होंने अंतरिक्ष मनोविज्ञान पर उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करते हुए एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान एवं विकास बढ़ाने का आह्वान किया। यह पहला मौका है, जब किसी रक्षा मंत्री ने इस संस्थान का दौरा किया है। इस दौरान उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और हाई परफॉरमेंस ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में उन्नत अनुसंधान केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना का शीर्षक 'अंतरिक्ष मनोविज्ञान : भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यावहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण' है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मद्देनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षा के दृष्टिकोण से अंतरिक्ष युद्ध में भारत प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। हमने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है और एंटी-सैटेलाइट जैसी सबसे उन्नत तकनीकों में महारत हासिल की है।

# टीम इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती

### न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हराया, रोहित की कप्तानी में 9 महीने में दूसरा ICC खिताब




**नई दिल्ली**। टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा ICC खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए।रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूज़ीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल रविवार को भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच दुबई में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर न्यूज़ीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट खोकर 251 रन बनाए हैं। 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। गिल 50 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। कुछ गेंद के बाद विराट कोहली दो गेंद में एक रन ही बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। रोहित 83 गेंद में 76 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद में 48 रन की पारी खेली। उन्होंने अक्षर के साथ 61 रन की साझेदारी की लेकिन 39वें ओवर में सैंटनर का शिकार बने। अक्षर 40 गेंद में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पांड्या 18 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमीसन ने आउट किया। रविंद्र जडेजा और राहुल क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले न्यूज़ीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने सर्वाधिक 61 रन की पारी खेली।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सेना की टुकड़ी 'खंजर' अभ्यास में हिस्सा लेने किर्गिस्तान रवाना



**नई दिल्ली**। भारतीय सेना की टुकड़ी संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' में शामिल होने के लिए रविवार को किर्गिस्तान के लिए रवाना हुई है। अभ्यास खंजर का 12वां संस्करण 10 मार्च से 23 मार्च तक किर्गिस्तान में होगा। इस अभ्यास की शुरुआत 2011 में हुई थी। भारत और किर्गिस्तान के बीच हर साल होने वाला यह अभ्यास दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों के अनूठे आयाम को दर्शाता है। पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक तथा किर्गिजस्तान दल का प्रतिनिधित्व किर्गिज स्कॉर्पियन ब्रिगेड करेगी। इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के अभियानों में अनुभवों और सर्वोत्तम तरीकों का आदान-प्रदान करना है। इस अभ्यास में स्नाइपिंग, कठिन बिल्डिंग इंटरवेंशन और माउंटेन क्राफ्ट के उन्नत विशेष बल कौशल विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कठोर प्रशिक्षण के अलावा इस अभ्यास में जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी शामिल होगा। इसमें किर्गिज त्यौहार नौरोज का उत्सव मनाना भी शामिल है। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा।

### सीपीसीबी की ताजा रिपोर्ट : महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा-यमुना का पानी



**नई दिल्ली**। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में प्रस्तुत की गई है, जिसमें कहा गया है कि आंकड़ों के विश्लेषण में पानी की गुणवत्ता प्रमुख मानकों पर खरी उतरी है। एनजीटी में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटा वेरिएबिलिटी के कारण सांख्यिकीय विश्लेषण (स्टेटिस्टिकल एनालिसिस) आवश्यक था, क्योंकि अलग-अलग तारीखों पर और विभिन्न स्थानों से लिए गए सैंपल में भिन्नता पाई गई थी। इस कारण पूरे नदी क्षेत्र की जल गुणवत्ता का सही आकलन करना कठिन हो गया था। हालांकि, रिपोर्ट को 28 फरवरी को तैयार किया गया था, लेकिन इसे एनजीटी की वेबसाइट पर 7 मार्च को अपलोड किया गया। सीपीसीबी ने महाकुंभ के दौरान 12 जनवरी से हर सप्ताह दो बार जल की गुणवत्ता की निगरानी की। गंगा नदी पर पांच स्थानों और यमुना नदी पर दो स्थानों पर विशेषज्ञ समिति द्वारा यह परीक्षण किया गया।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा? एक मौत के बाद कुकी समूहों ने कर दिया बंद का ऐलान

**इंफाल**। मणिपुर के कुकी बहुल कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच कई बार हुई झड़पों में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और पुलिसकर्मियों समेत 40 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें उस समय हुईं, जब पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्य भर में मुक्त आवाजाही की अनुमति देने के निर्देश का विरोध कर रहे थे। स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने निजी वाहनों में आग लगा दी और इंफाल से सेनापति जिले की ओर जा रही राज्य परिवहन की बस को रोकने का प्रयास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय सिंगसिट को कीथेलमानबी में झड़पों के दौरान गोली लगी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत



हो गई। पुलिस ने बताया कि गमगीफई, मोटबंग और कीथेलमनबी में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों के दौरान कम से कम 16 प्रदर्शनकारियों को चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए पास के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हालांकि, अनाधिकारिक आंकड़ों के अनुसार घायल हुए नागरिकों की संख्या 23 से अधिक है। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि जिले में प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पों के दौरान कम से कम 27 सुरक्षाकर्मी घायल हुए और प्रदर्शनकारियों की ओर से गोलीबारी की घटनाएं हुईं, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# एनआईएचएफडब्ल्यू देश में योग्य पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता को पूरा कर रहा : नड्डा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू) के 48वें वार्षिक दिवस समारोह की वर्चुअल अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान एनआईएचएफडब्ल्यू में एक ओपन जिम्नेजियम पार्क, आरोग्य शक्ति पार्क और सक्षम- मीडिया लैब की नई सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका 'जन स्वास्थ्य धारणा' का भी विमोचन किया गया। अपने वर्चुअल संबोधन में नड्डा ने एनआईएचएफडब्ल्यू की सराहना




करते हुए कहा कि यह संस्थान देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों, नीति निर्माताओं और प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान और क्षमता निर्माण में अग्रणी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्थान की क्षमता निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता सार्वजनिक स्वास्थ्य में डॉक्टरेट और मास्टर कार्यक्रमों की शुरुआत से स्पष्ट है कि यह देश में योग्य पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता को पूरा कर रहा है। एनआईएचएफडब्ल्यू की शोध पहल और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के मूल्यांकन ने प्रमाण-आधारित नीति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कोल्ड चेन और वैक्सीन प्रबंधन संसाधन केंद्र को एक अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में उन्नत किया जा रहा है। यह टीकाकरण और आपूर्ति श्रृंखला में भारत के नेतृत्व का प्रमाण है। अनुप्रिया पटेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यषवस्थाट को मजबूत करने के लिए एनआईएचएफडब्ल्यू की अटूट प्रतिबद्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा, अनुसंधान और नीति के लिए लगभग पांच दशकों की उत्कृष्टता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना के माध्यम से देश ने सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य के एक नए युग में प्रवेश किया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू) भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है। अपनी शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और विशेष सलाहकार सेवाओं के लिए जाना जाने वाला एनआईएचएफडब्ल्यू देश में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए एक 'शीर्ष तकनीकी संस्थान' के साथ-साथ एक 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करता है।


## 600 करोड़ का खुलासा: दिल्ली-नोएडा में हुई छापेमारी के दौरान 50 करोड़ नगद और सोना भी मिला

**नई दिल्ली**। धनकुबेरों के यहां बेशुमार दौलत है। कई बार छापेमारी में अटूट दौलत का खुलासा हो चुका है। हाल ही में दिल्ली-एनसीआर में काउंटी ग्रुप और उससे जुड़ी कंपनियों के ठिकानों पर शनिवार को देर रात तक चौथे दिन भी आयकर विभाग की जांच जारी रही। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक की बरामदगी हो चुकी है, जिसमें कैश और सोना-चांदी शामिल है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फ्लैटों की बिक्री में 600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि नकद में लेने के पुख्ता सबूत मिले हैं। आयकर विभाग के दिल्ली, नोएडा समेत अन्य स्थानों के अधिकारियों की टीम मामले में जांच कर रही है। काउंटी ग्रुप और उससे जुड़े लोगों के बैंक खाते, लैपटॉप से मिले रिकॉर्ड और अन्य कागजात जब्त किए गए हैं। विभाग के सूत्रों का कहना है कि तमाम बिल्डर फ्लैट की बड़ी रकम नगद में लेते हैं। वह आयकर की चोरी कर सरकार को करोड़ों का आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। काउंटी ग्रुप के एक फ्लैट की कीमत औसतन 20 से 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जो काफी अधिक है। जांच में कोलकाता में चार से पांच शेल कंपनियों का खुलासा हुआ है।

## अमेरिका के हिन्दू मंदिर में लिखे गए नफरत भरे नारे, भारत ने की निंदा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को क्षति पहुंचाने और नफरत फैलाने वाले नारे लिखे जाने की निंदा करते हुए इसके पीछे जिम्मेदार तत्वों के के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में बर्बरता के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की सबसे मजबूत शर्तों की निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई करने के लिए कहते हैं, और पूजा स्थलों के



लिए पर्याप्त सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चिनो हिल्स के 'बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था' के मंदिर को नुकसान पहुंचाया गया और 'हिंदुओं वापस जाओ' जैसे नारे लिखे गए।

Classified




अधिक जानकारी के लिए आप आयुष्मान डेंटल क्लिनिक के दिए गए नंबर पर संपर्क करे :

7061815259, 7906590688

Classified




## सीरिया में महिलाओं को नंगा घुमाया गोली मारी, 2 दिन में 2 हजार मौत

एजेंसी। दमिश्क

सीरिया एक बार फिर हिंसा की आग में जलने लगा है। यहां महिलाओं के सरेआम नंगा घुमाया जा रहा है उन्हे गोलियों से भून दिया जाता है। इस तरह अब तक एक हजार से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया है। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी। गवाहों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया।बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। वहां सड़कों पर शव पड़े हुए थे। इमारतों की छतों पर भी लाशें देखी गईं। बंदूकधारियों ने नागरिकों को शवों को दफनाने से रोक रखा था। एक निवासी ने एपी को बताया, यह बहुत बुरा था। शव सड़कों पर



थे। लोग अपने शहर से भाग रहे थे। बंदूकधारी बिना किसी कारण के गोलियां चला रहे थे। घरों और कारों को भी जलाया जा रहा था। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। अब हिंसा कुछ हद तक रुक गई है और सरकार ने अधिकांश इलाकों पर नियंत्रण पुनः स्थापित कर लिया है। अधिकारियों ने स्थिरता बहाल करने के लिए तटीय क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कें बंद कर दी हैं, जहां हिंसा का केंद्र था। सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में 745 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं।असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरुआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है।ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। अलावित गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गई। लेबनान के राजनेता हैदर नासिर अपने देश की संसद में अलावित समुदाय के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक पर बैठते हैं।

## वर्ल्ड फेमस




अमेरिका में बर्ड फ्लू की कारण लाखों मुर्गियां मारी गई हैं, जिससे अंडों की कमी और कीमतों में उछाल आया है। इस बीच खबर है कि अमेरिकी अधिकारी कनाडा और मैक्सिको से लगी सीमाओं पर मादक पदार्थ फेंटानिल की तुलना में अंडे सहित पोल्ट्री उत्पादों की ज्यादा जब्ती कर रहे हैं।



# फोटोग्राफी में इंट्रेस्टेड छात्रों को यह कंपनी दे रही 1 लाख का स्कॉलरशिप

**निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने के शौकीन छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम उन छात्रों के लिए है, जो 12वीं कर चुके हैं।**

निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने के शौकीन छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम उन छात्रों के लिए है, जो 12वीं कर चुके हैं और 3 महीने या उससे अधिक की अवधि के लिए फोटोग्राफी संबंधित कोर्स में एडमिशन लिया है। यह स्कॉलरशिप निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से शुरू की गई एक पहल है। आपको बता दें कि निकॉन कंपनी इंडिया इमेजिंग और ऑप्टिक्स के मैदान में दुनिया की दिग्गज कंपनी है।
निकॉन स्कॉलरशिप का उद्देश्य
सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के हिस्से के तौर पर निकॉन इंडिया कॉर्पोरेट स्कॉलरशिप ऑफर कर रही है। बीते कुछ सालों से शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए निकॉन कंपनी कई गतिविधियों का भी आयोजन कर रही है। निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से जो भी छात्र अच्छी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करते हैं। उनको कंपनी की तरफ से 1 लाख तक की स्कॉलरशिप दी जाती है। ऐसे में अगर आप भी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी के शौकीन हैं, तो आप भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## पात्रता

- बता दें कि 3 महीने या उससे ज्यादा की अवधि वाले फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने वाले छात्र इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।
- स्टूडेंट्स की 12वीं पास होना जरूरी है।
- छात्र की सालाना पारिवारिक आय 6 लाख रुपए से कम होनी चाहिए।
- यह योजना सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

## डॉक्यूमेंट्स

- फोटो पहचान प्रमाण
- आय प्रमाण
- प्रवेश प्रमाण पत्र
- आवेदक का पासपोर्ट साइज का फोटो
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक अकाउंट का विवरण
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- विकलांगता और जाति प्रमाण पत्र

## ऐसे करें आवेदन

निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ लेने के लिए सबसे पहले ईमेल/फेसबुक/जीमेल अकाउंट से लॉगिन करें। फिर निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम के डिटेल पेज पर जाएं। इसके बाद ऑनलाइन एप्लिकेशन फॉर्म में मांगी गई सभी जरूरी डिटेल्स भर दें। वहीं जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर दें। एप्लिकेशन फॉर्म चेक करने के बाद सबमिट पर क्लिक कर दें। इस तरह से आपका फॉर्म भर जाएगा।



# ग्रेजुएशन कर चुके युवाओं को जरूर सीखनी चाहिए ये स्किल्स

**मौजूदा साल में देश में करीब 5 करोड़ से भी अधिक लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। जहां देश के तमाम बेरोजगार युवाओं और छात्रों में स्किल्स की कमी देखी गई। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरिअर बना सकते हैं।**

मौजूदा साल में देश में करीब 5 करोड़ से भी अधिक लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। एक आंकड़े के मुताबिक BA, B.Sc. B.Com छात्र या डिग्री कर चुके तकरीबन 19 फीसदी युवा भी इस समस्या से परेशान हैं। वहीं 10वीं-12वीं छात्रों की बेरोजगारी का प्रतिशत 10.3 फीसदी के आसपास है। एक रिपोर्ट की मानें तो भारत में साल 2023 में बेरोजगारी दर 7 फीसद के आसपास बनी हुई है। अगर ग्रामीण भारत और शहरी भारत में बेरोजगारी दर को बांटा जाए, तो ग्रामीण भारत की तुलना में शहरी भारत में अधिक बेरोजगार मिले हैं।
आपको बता दें कि ग्रामीण भारत में 6.0 फीसदी और 7.70 फीसदी शहरी बेरोजगारी दर को आंका गया है। कोविड महामारी के दौरान यह बेरोजगारी दर 8 फीसदी थी। तो उस हिसाब से बीते दशक में यह सबसे अधिक बेरोजगारी है। जहां देश के तमाम बेरोजगार युवाओं और छात्रों में स्किल्स की कमी देखी गई। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरिअर बना सकते हैं।

## सैलरी

मैंकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के मताबिक इस साल यानी की साल 2024 में युवाओं के लिए डिजिटल सेक्टर के अंदर 6.5 करोड़ नौकरियां उपलब्ध होंगी। वहीं साल 2025 तक भारतीय डिजिटल इंडस्ट्री के 160 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल्स को बढ़ाने के लिए एडवांस डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप अपने घर पर बैठकर कर सकते हैं। वहीं इस कोर्स में एक खासियत यह भी है कि इस कोर्स को करने के लिए आपको किसी भी तरह की डिग्री आदि की आवश्यकता नहीं होगी।

## पद और सैलरी

डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर- 45 हजार
सोशल मीडिया मैनेजर- 35 हजार
ईमेल मार्केटिंग मैनेजर- 30 हजार
पीपीसी एक्सपर्ट्स- 40 हजार
गूगल एड एक्सपर्ट्स- 50 हजार
इनबाउंड मार्केटिंग- 35 हजार
एसईओ मैनेजर- 40 हजार
कंटेंट मार्केटर- 40 हजार
ब्रांड मैनेजर- 60 हजार
कंटेंट राइटर- 30 हजार

## एडवांस डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की खासियत

- इस कोर्स में 100 प्रतिशत जॉब प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

अगर आप ग्रेजुएशन कर चुके हैं, लेकिन अपने कॅरियर को लेकर परेशान हैं। तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे एडवांस डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर किसी भी एक फील्ड को अपना प्रोफेशन बना सकते हैं। इस कोर्स में ग्राफिक डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई अन्य कोर्स मौजूद हैं।







# अब विदेश में पूरा होगा पढ़ाई का सपना

## मिलेगी स्कॉलरशिप

**जो भी स्टूडेंट आर्ट्स एंड सोशल साइंस में विश्वविद्यालय से यूजी प्रोग्राम करना चाहते हैं, तो वह फैकल्टी ऑफ आर्ट्स ऐंड सोशल साइंसेस इंटरनैशनल अंडरग्रैजुएट कमेंसिंग स्कॉलरशिप में अप्लाई कर सकते हैं।**

बहुत सारे छात्र विदेश में पढ़ने के इच्छुक होते हैं। ऐसे में अगर आप भी विदेश में पढ़ने का सपना रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी में पढ़ने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट के लिए यूनिवर्सिटी ने खास स्कॉलरशिप प्रोग्राम जारी किया है। ऐसे में जो भी स्टूडेंट आर्ट्स एंड सोशल साइंस में विश्वविद्यालय से यूजी प्रोग्राम करना चाहते हैं, तो वह फैकल्टी ऑफ आर्ट्स ऐंड सोशल साइंसेस इंटरनैशनल अंडरग्रैजुएट कमेंसिंग स्कॉलरशिप में अप्लाई कर सकते हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को कोर्स की अवधि के दौरान AUD 5,000 रुपए हर साल दिए जाएंगे। आपको बता दें कि AUD 5,000 भारतीय मुद्रा में 2,45,389.43 रुपए होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस प्रोग्राम के तहत आप किस तरह से अप्लाई कर सकते हैं।

## ऐसे करें अप्लाई

- इस प्रोग्राम के लिए यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट की एप्लिकेशन सर्च करें।
- फिर एप्लिकेशन का लिंक खोलने के बाद उसमें पूछी गई जानकारी और डॉक्यूमेंट्स को अटैच करें।
- इसके बाद फाइनल सबमिट करने से पहले पूरी जानकारी को अटैच्ड डॉक्यूमेंट्स को अच्छी तरह से जांच लें।

## कैसे होगा सिलेक्शन

- इस स्कॉलरशिप के लिए सिलेक्शन का मुख्य आधार मेरिट बेसिस पर होगा। अंक और पर्सेंट के आधार पर स्टूडेंट को स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए चुना जाएगा।

## टर्म्स और कंडीशन

- बता दें कि स्कॉलरशिप की तय राशि साल के दो सेमेस्टर में आधा-आधा दिया जाएगा।
- हर सेमेस्टर में स्टूडेंट को कम से कम 65% एवरेज मार्क्स लाना होगा।
- स्कॉलरशिप खारिज होने के बाद फिर से बहाल नहीं किया जाएगा। जब तक ऐसा यूनिवर्सिटी की गलती से न हुआ हो।
- स्कॉलरशिप के अलावा अन्य कोई भी अमाउंट स्टूडेंट को नहीं दिया जाएगा।



# पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी में गोल्डन करियर

**ऊर्जा का अहम स्त्रोत होने के नाते पेट्रोलियम की उपयोगिता से सभी वाकिफ हैं। भारत पेट्रोलियम पदार्थों की अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। अगर आंकड़ों की मानें तो पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में भारत विश्व का आठवां बड़ा देश है। एचपीसीएल, बीपीसीएल, रिलायंस, इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों से सरकार को भारी-भरकम राजस्व मिलता है।**

## संभावनाएं

पहले इस क्षेत्र में जियोलॉजिस्ट की काफी मांग थी, समय बदलने के साथ मैकेनिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इस इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाई। करियर की अनेक संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर इंजीनियरिंग तक के कोर्स शुरू हुए हैं। पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी ने बीबीए, एमबीए, एमटेक, बीटेक, एमएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। इसके अलावा देश के चुनिंदा संस्थानों ने पेट्रोलियम के क्षेत्र में बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमएससी और बीएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। ये सभी कोर्स पेट्रोकैमिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोटेक्नोलॉजी, गैस इंजीनियरिंग, पेट्रोमार्केटिंग आदि में शुरू किए हैं।

## स्टडी कोर्स

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में छात्र जियोलॉजी, भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों द्वारा पेट्रोलियम की रिकवरी, डेवलपमेंट और प्रोसेसिंग के बारे में जानते हैं। इसके अलावा ड्रिलिंग, मैकेनिक्स, पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम जैसे विषयों पर छात्रों की पकड़ बनाई जाती है। पेट्रोलियम इंडस्ट्री को मुख्य तौर पर दो भागों में बांट कर देख सकते हैं- अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेक्टर। अपस्ट्रीम सेक्टर में खोज, उत्पादन व तेल और प्राकृतिक गैसों का दोहन कैसे किया जाए, इसकी शिक्षा व ट्रेनिंग दी जाती है। डाउनस्ट्रीम सेक्टर में रिफाइनिंग, मार्केटिंग और वितरण से संबंधित पूरी जानकारी दी जाती है। पेट्रोलियम के क्षेत्र में टीम की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण होती है। एक पेट्रोलियम इंजीनियर को जियोलॉजिस्ट, अन्वेषणकर्ता, इंजीनियर, पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ काम करना पड़ता है।

## योग्यता

बारहवीं की परीक्षा भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों से पास करने के बाद आप इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैमिकल और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक कर चुके छात्र पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एमटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीबीए में प्रवेश के लिए बारहवीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

## अवसर

पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लगभग आठ लाख लोगों को रोजगार देने वाला यह क्षेत्र अवसरों से भरा पड़ा है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट जैसी नामी-गिरामी कंपनियों के द्वार आपके लिए खुले हैं। जिस तरह पेट्रोल के नए भंडार और क्षेत्र मिल रहे हैं, उससे यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ा लाभकारी साबित होगा।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल शिक्षकों को उनके बेहतर कार्य के लिए किया सम्मानित

- शिक्षकों को विश्वविद्यालय परिसर में सम्मान देना कोचिंग एसोसिएशन के लिए गौरव की बात : जेपी जैन
- हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन शिक्षा में बेहतरी के लिए विश्वविद्यालय के साथ हमेशा खड़ा है : डॉ प्रकाश कुमार
- शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है हजारीबाग, उसमें शिक्षकों की भूमिका अहम : डॉ मुनीष गोविंद
- ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के वरदान है हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन : प्रो. पीके नायक













वर्ल्ड वाइज न्यूज

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल पदाधिकारियों व लगभग 200 शिक्षकों को सम्मानित कर गर्व की अनुभूति की। दरअसल कोचिंग एसोसिएशन में शामिल पदाधिकारियों व शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के साथ साथ सामाजिक कार्यों में बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन, सचिव डॉ प्रकाश कुमार, उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, संरक्षक पंकज ओझा, सहसचिव अखिल कुमार, कोषाध्यक्ष वासुदेव पंडित सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत संबोधन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने शिक्षकों को विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को तराश कर सिर्फ मंजिल तक सफर के लिए पथ प्रदर्शित ही नहीं कर रहें हैं बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान भी बना रहें हैं। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने शिक्षा के क्षेत्र के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन की सराहना की और कहा कि हमसभी का एक ही काम है कि विद्यार्थियों को शिक्षित कर उसे सफल इंसान बनाया जाए। हालांकि वर्तमान समय में नशे की लत ने युवाओं के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है, ऐसे में हम सभी शिक्षाविदों के लिए युवाओं को इससे बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती है। हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन ने कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों के सम्मान के लिए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के इस कदम को स्वागत योग्य बताया और कहा कि कोचिंग एसोसिएशन हमेशा इस ऐतिहासिक लम्हे को याद रखेगा। कोचिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि कोचिंग एसोसिएशन अपने शैक्षिक और सामाजिक कार्यों को लेकर लगातार आगे बढ़ रहा है और शिक्षा की बेहतरी के लिए हमेशा कोचिंग एसोसिएशन विश्वविद्यालय के साथ खड़ा है। सम्मानित होने वाले कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों ने भी आईसेक्ट विश्वविद्यालय की सराहना की और कहा कि ऐसे सम्मान से और बेहतर कार्य करने की ऊर्जा मिलती है। इस बीच विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसे मौजूद शिक्षकों ने खूब सराहा। वासू और शालिनी के मनमोहक नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के आखिर में आगामी सितंबर को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड के लिए जारी पोस्टर का विमोचन किया गया। मंच संचालन डॉ प्रीति व्यास ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक एआर डॉ माधवी मेहता, एडमिशन एआर चांदनी कुमारी, एडमिनिस्ट्रेशन एआर अमित कुमार, एसएनके उपाध्याय, एएफओ सौरभ सरकार, पीआरओ मो शमीम अहमद, वेबसाइट डेव्लपर सुशांत झा, रोहित राणा, शुभा कुमारी, ममता कुमारी, राखी कुमारी, मीना राणा, लक्ष्मी तिग्गा, श्वेता वर्मा, कैलाश प्रसाद, मुकेश कुमार, अजय कुमार, कपिल कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पूर्व सीनेटर ने उच्च शिक्षा निदेशक और सचिव की कार्यशैली पर उठाए सवाल





वर्ल्ड वाइज न्यूज

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडिकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग ने सात दिसंबर 2022 को उच्च शिक्षा निदेशालय के लिए उप निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखंड के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें स्पष्ट था कि उप निदेशक जिनका ग्रेड पे 7000/- हो वही इस पद के लिए उपयुक्त होंगे। परंतु उच्च शिक्षा निदेशालय ने अपने ही विज्ञापन को धत्ता बताते हुए 6000/- ग्रेड पे वाले प्राध्यापकों की नियुक्ति उप निदेशक, उच्च शिक्षा के पद पर कर ली। उच्च शिक्षा सचिव और निदेशक ने गोलमाल कर ऐसे अयोग्य लोगों को उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद पर भर लिया जिसका नुकसान पूरा झारखंड उठा रहा है। आज उच्च शिक्षा विभाग के हालात यह हैं कि पूरे राज्य से सैकड़ों केस उच्च शिक्षा विभाग पर दर्ज हुए हैं। इससे सरकार को केस लड़ने के लिए अतिरिक्त शक्ति लगानी पड़ रही है, राज्य की जनता के राजस्व का नुकसान हो रहा है और बार-बार उच्च न्यायालय द्वारा इन लोगों को फटकार लगाई जा रही। उसके बावजूद ये लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस राज्य के हजारों शिक्षक और कर्मचारी उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली से दुखी और निराश हैं। आगे उन्होंने कहा कि मैं इस मामले से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को अवगत कराउंगा और इस रैकेट के भंडाफोड़ के लिए सीबीआई या उच्च स्तरीय जांच की मांग करुंगा। ज्ञात हो कि इस राज्य में दर्जनों निजी विश्वविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, बी एड कालेज , इंजीनियरिंग कॉलेज आदि बिना पूर्ण अहर्ता के संचालित हैं, जहां से इन लोगों का सांठगांठ है। इस बड़े रैकेट की जांच जरूरी है जिससे इन लोगों का गोरखधंधा बंद हो। इस पूरे मामले की तह तक जाएंगे तो बड़ा भ्रष्टाचार का मामला उजागर हो सकता है।

## नारी है स्वर्ग का द्वार : ब्रह्माकुमारी अलका बहन

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शिवपुरी शाखा में मना अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस**






वर्ल्ड वाइज न्यूज

**हजारीबाग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शिवपुरी, हजारीबाग स्थित नव सृजित शाखा में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर केन्द्र संचालिका बी.के अलका बहन ने परमपिता परमात्मा शिव की श्रीमत् पर चल कर विश्व को स्वर्ग बनाने वाली विश्व की समस्त शिव शक्ति नारियों को बधाई दी एवं कहा कि परमपिता, परमात्मा शिव वर्तमान समय मनुष्य को देवता बनाकर पुनः आदि सनातन देवी देवता धर्म की स्थापना कर रहे हैं जिसमें नारियाँ शिव - शक्ति की भूमिका निभा रही हैं। नारियाँ शिव पिता की सहयोगी बनकर स्वर्ग का द्वार खोलने की निमित बन रही हैं। साथ में होली मिलन के कार्यक्रम भी आयोजित करते हुए कहा कि हो.. ली...अर्थात् जो मनुष्य आत्मा परमपिता शिव परमात्मा की हो जाती है, वह पुरानी दुःख दायी बीती बातों को भूलकर होली ( पवित्र ) बन जाती है एवं 21 जन्मों के लिए देव पद को प्राप्त करती है। समस्त हजारीबाग वासियों को होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि होली हमें अपनी बुराइयों को जलाकर स्वयं को परमात्म ज्ञान एवं गुणों के रंग से रंगकर एक दूसरे को मीठी वाणी रूपी एवं दिलखुश मिठाई खाने एवं खिलाने का संदेश देती है। अतः भाईचारे के पवित्र पर्व को भाईचारगी के साथ मनाना चाहिए। बीके अलका बहन ने उपस्थित नए आगंतुकों को सुखमय जीवन जीने के लिए निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग कोर्स करने के लिए सेवा केन्द्र पर आमंत्रित किया। मौके पर साधक सुबोध भाई, बीके पूजा बहन, बीके निक्की बहन, बीके योगिता बहन, बीके मनोहर भाई, बीके नवीन भाई, बीके देवचन्द भाई, बीके परशुराम भाई, बीके पुहुपलाल, बीके मीणा, बीके किरण, बीके मीरा, बीके प्रतिभा समेत सैकड़ों भाई-बहन उपस्थित थे।

# फॉलोअप : डीजीएम हत्याकांड के लिए एसआईटी गठित, छह संदिग्धों से पूछताछ

- डीजीपी ने दिए कई निर्देश, विभिन्न बिंदुओं पर की जा रही जांच
- खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज, जुटाए गए साक्ष्य
- हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर की जा रही छापेमारी



वर्ल्ड वाइज न्यूज

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा चौक पर कुमार गौरव, डीजीएम (डिस्पैच) केरेडारी कोल परियोजना, एनटीपीसी को शनिवार की सुबह करीब 09.30 बजे अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इलाज के लिए आरोग्यम अस्पताल, हजारीबाग लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में कटकमदाग थाना कांड सं-47/25, दिनांक- 08.03.2025, धारा-103 (1) / 3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत 02 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है। कांड का उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक-सह-पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), हजारीबाग के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया है। घटना के उपरांत मृतक के परिजनों एवं एनटीपीसी के पदाधिकारी तथा कर्मियों द्वारा मृतक का किसी भी व्यक्ति से पूर्व में कोई विवाद नहीं होने की बात एवं किसी भी प्रकार की धमकी मिलने की बात की पुष्टि नहीं हुई है। घटनास्थल से संबधित सभी संभावित मार्ग पर लगे सीसीटीवी का फुटेज प्राप्त कर अपराधियों के आने और जाने से संबंधित साक्ष्य एकत्रित कर लिया गया हैं। कांड के उदभेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए तकनीकि साक्ष्य प्राप्त कर संभावित स्थलों पर छापेमारी की जा रही है। इस घटना से संबंधित संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा एसआईटी के सदस्यों के साथ घटना स्थल एवं विभिन्न आने-जाने वाले मार्ग का जायजा लिया गया। इसमें पुलिस महानिरीक्षक, उछो प्रक्षेत्र, बोकारो के विभिन्न बिन्दुओं पर दिये गये निर्देश के आलोक में एसआईटी के सदस्यों द्वारा कांड का अविलम्ब उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार आवश्यक छापामारी की जा रही है। इस घटना को लेकर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड रॉची की ओर से इस कांड की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत घटना से संबंधित सभी बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक अनुसंधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## दिल्ली से पहुंचे एनटीपीसी के दो अधिकारियों ने की मुख्य सचिव से मुलाकात

- एनटीपीसी अधिकारी कुमार गौरव हत्याकांड : पुलिस ने छह को हिरासत में ले कर रही पूछताछ
- कटकमदाग थाने में दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

वर्ल्ड वाइज न्यूज

**हजारीबाग।** एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड के सिलसिले में जांच के दौरान पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस बीच घटना की सूचना मिलने के बाद दिल्ली से आये एनटीपीसी के दो वरीय अधिकारियों निदेशक (फ्यूल) शिवम श्रीवास्तव और निदेशक (एचआर) एके जदली ने रविवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के मुलाक़ात की। एनटीपीसी के अधिकारियों ने इस दौरान हत्याकांड में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कोयला अधिकारियों की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्था करने का उनसे अनुरोध किया है। कुमार गौरव की हत्या के सिलसिले मे एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक रोहित पाल की शिकायत पर कटकमदाग थाना कांड संख्या-47/25, दिनांक-08 मार्च 2025, धारा-103 (1) / 3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत 02 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। इधर सरकार ने कुमार गौरव हत्या कांड की जांच के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दिया है। अपर महाप्रबंधक की ओर से पुलिस से की गई शिकायत में हत्या की घटना का उल्लेख किया गया है। हालांकि शिकायत पत्र में हत्याकांड में शामिल किसी आपराधिक गिरोह का नाम उल्लेख नहीं लिया गया है। नटीपीसी की ओर से अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय करार दिया है। घटना के बाद पुलिस कई एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस के सूत्र जेल में बंद उन आपराधिक गिरोहों के सरगना से भी बात कर घटना में शामिल अपराधियों के बारे में पता लगा रही है, जिनकी गतिविधि हजारीबाग व रामगढ़ के कोयला क्षेत्रों में है।

# बही फगुआ गीतों की बयार, उड़े अबीर-गुलाल

- पारंपरिक लजीज व्यंजनों का लोगों ने चखा स्वाद
- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह
- बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष गौ सेवा आयोग झारखंड सरकार राजीव रंजन हुए शामिल















वर्ल्ड वाइज न्यूज

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप स्थित प्रधान कैफेटेरिया (वैभवी बैंक्वेट हॉल) में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह की अध्यक्षता शोभा सहाय ने की। होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग झारखंड सरकार अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद व विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश अध्यक्ष ( महिला प्रकोष्ठ) रीता लाल शामिल हुए I होली मिलन समारोह का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की आरती के साथ हुआ तदोपरांत अतिथियों का मंच पर स्वागत, दीप प्रज्वलन, अतिथियों का अंग वस्त्र व मोमेंटो को देकर स्वागत स्वागत गान, स्वागत भाषण, जिला अध्यक्ष का स्वागत अभिभाषण हुआ। उसके बाद चित्रांश परिवार के नौनिहालों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें दर्जनों नौनिहालों ने गीत संगीत व नृत्य की प्रतुति दी। होली मिलन समारोह के मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी प्रेम भाईचारे और एकता का प्रतीक है। मुझे गर्व महसूस हो रहा है कि इस अवसर पर मुझे हजारीबाग चित्रांश परिवार के बीच आने का मौका मिला है। वहीं समाजसेवी डॉ प्रभात कुमार प्रधान ने चित्रांश परिवार सहित हजारीबाग के लोगों को होली की हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि होली का त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। होली मिलन समारोह में लोगों ने पारम्परिक व्यंजन बर्रा, धुस्का, कचरी, छोला, पूड़ी, शरबत, शीतल पेय, पकौड़ी आदि का लुत्फ उठाया। इस होली मिलन समारोह में हजारीबाग शहरी क्षेत्र के साथ-साथ जिले भर के सैकड़ों चित्रांश परिवार शामिल हुए। इस दौरान चित्रांश परिवार के प्रसिद्ध गायक बबलू सिन्हा, पंकज सिन्हा, अविनाश सिन्हा और दिलीप सिन्हा ने अपने सुर संगीत से समां बांधा। इस आयोजन को लेकर जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय, डॉ प्रभात कुमार प्रधान कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार लाल, कार्यक्रम प्रभारी जीतेंद्र कुमार सिन्हा, युवा अध्यक्ष बप्पी करण, संगठन मंत्री शशिकांत श्रीवास्तव, सन्त्री सौरभ, संजय सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा, अनुपम सिन्हा, शुभम प्रकाश, सुबोध सिन्हा, ज्योति सिन्हा सहित चित्रांश परिवार के सैकड़ों महिला पुरुष युवक-युवती बच्चे शामिल थे।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने मनाया होली मिलन समारोह



वर्ल्ड वाइज न्यूज

**धनबाद।** हीरापुर स्थित गांधी सेवा सदन परिसर में रविवार को सामाजिक संस्था हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने होली मिलन समारोह मनाया। इसमें धनबाद जिला हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर दुलाल लगाकर, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। समिति के अध्यक्ष किशोर हाड़ी एवं अन्य पदाधिकारियों ने समाज को सुरक्षित एवं नशा मुक्त होली खेलने की अपील की। होली मिलन में जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी,कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी, उपाध्यक्ष बिरजु हाड़ी, सचिव राजेश हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, जिला सूचना मंत्री रंजीत हाड़ी, जिला वरीय पदाधिकारी संजय हाड़ी, जिला संगठन सचिव चतुर हाड़ी, जिला संरक्षक अमित किशोर, युवा समिति से युवा समित्ति के अध्यक्ष विनोद हाड़ी, महासचिव अजय हाड़ी, उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी, प्रकाश हाड़ी,राजू हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी संगठन सचिव भरत हाड़ी, संतोष हाड़ी, बिक्की हाड़ी,अमर हाड़ीरक्षा मंत्री वीरेन्द्र हाड़ी, सूचना मंत्री श्रवण हाड़ी, मीडिया प्रभारी रमन हाड़ी, कार्यकारिणी सदस्य राजू हाड़ी, सुरेन्द्र हाड़ी, रवि हाड़ी, दिलीप हाड़ी, झरिया प्रखड सूचना मंत्री विकास हाड़ी, समिति के पदाधिकारी डब्लु हाड़ी, सोमर हाड़ी, लाला हाड़ी उपस्थित थे।

# ब्रह्मर्षि समाज के होली मिलन में फाग का धमाल

- झारखंडी पारंपरिक व्यंजन, मीठे पकवान, रंग,भंग-ठंडई के साथ होली गीतों की बहार
- लोकगायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित के गीतों पर खूब लगे ठुमके
- बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कहा प्यार सद्भाव का संदेश देता है होली पर्व














**वर्ल्ड वाइज न्यूज**

हजारीबाग। ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग द्वारा रविवार को हजारीबाग शहर के रांची पटना-रोड़, उपकार होटल के सामने स्थित प्रोवेश रिसोर्ट परिसर में रंग व राग का रंग- बिरंगा पर्व होली से पूर्व होली मिलन समारोह-2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें उत्साह से लबरेज ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के लोगों ने रंग- गुलाल से सने गाल के साथ पीले अंग- वस्त्र ओढ़े फगुआ गीतों पर जमकर धमाल किया। इस होली मिलन समारोह में जहां उम्र का बंधन टूट गया वहीं ब्रह्मर्षि समाज के हर उम्र के लोगों के साथ कई महिलाओं ने भी शिरकत की। समारोह परिसर रंगों से सराबोर होकर पूरी तरह होलियाना रंग में रंग गया। इस समारोह में विशेष आकर्षक का केंद्र ख्यातिप्राप्त लोकगायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित ने अपने फगुआ गीतों से उपस्थित लोगों को खूब झुमाया और ठुमके लगाने को मजबूर कर दिया। समारोह की शुरुआत मनिताश्री ने सिया निकले अवधवा की ओर होलिया खेले राम लला.. गीत से किया जिसके बाद हिंदी, भोजपुरी, अवधि भाषा के एक से बढ़कर एक होली और फगुआ गीतों के जरिए गायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित ने समां बांध दिया। उपस्थित लोगों ने भी इनका खूब साथ दिया और नाचते- झूमते हुए समारोह को जमकर इंजॉय किया। रंग- भंग, ठंडई संग जहां जमकर अबीर- गुलाल उड़ा वहीं लोगों ने एक- दूजे को गिले शिकवे भुलाकर गले मिलकर होली की अग्रिम बधाई दी। जिसके बाद पारंपरिक झारखंडी व्यंजन कचरी, बर्रा, पुआ- धुस्क, मीठे पकवान के साथ वेज- नॉन वेज़ स्वादिष्ट भोजन का स्वाद सामूहिक रूप से चखा । इस होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल हुए और उन्होंने भी बड़े आत्मीय भाव से सभी के साथ होली खेलकर समारोह की शोभा बढ़ाई। मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमें बड़े- छोटों और उच्च नीच का भेद मिट जाता है, सेवक- सरकार के बीच की दूरियां खत्म हो जाती है, अपने - पराए सब एक हो जाते है, बरसों के गिले- शिकवे भूलकर दुश्मन भी गले मिल जाते हैं ऐसे रंग और राग के पर्व होली के अवसर पर ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग का यह आयोजन प्यार और सद्भाव का संदेश बिखेरता है। उन्होंने लोगों को होली किया क्रीम शुभकामनाएं दी साथी कहा कि होली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाइए ताकि इस पर्व का रंग कभी फीका न पड़े। होली मिलन और चैंपियन ट्रॉफी का फाइनल लाइव का आनंद साथ-साथ उठा रहें थे लोग ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के होली मिलन समारोह-2025 के दौरान शनिवार को क्रिकेट प्रेम का भी अद्भुत जलवा प्रोवेश रिसोर्ट में दिखा। जहां समाज की ओर से क्रिकेट प्रेमियों का विशेष ख्याल रखा गया और होली मिलन समारोह में किसी प्रकार का खलल न हो इसके लिए आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी- 2025 के फाइनल मुकाबले का लाइव टेलीकास्ट विशाल वीडियो स्क्रीन लगाकर लाइव किया गया जहां लोगों ने क्रिकेट के रोमांच के साथ होली का आनंद उठाया । आयोजन को सफल बनाने में रही महत्ती भूमिका आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के मुकेश कुमार, अर्जुन सिंह, कन्हैया शर्मा, कौशल किशोर सिंह, जालिम सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, अर्जुन सिंह (अमीन साहब), हरि सिंह, नागेंद्र शर्मा, बलराम शर्मा, प्रकाश शर्मा, अजय कुमार साहा, राजीव रंजन सिंह उर्फ राजू सिंह, कन्हैया कुमार सिंह (कार्यक्रम संयोजक) , हिटलर शाही, रंजन चौधरी, प्रफुल्ल सिंह, अनिल कुमार, संत कुमार दीक्षित, अरुण सिंह, डॉ आनंद शाही, मनीष कुमार, सुदामा सिंह, अजय शर्मा सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। समाज द्वारा आयोजन समिति से जुड़े सभी लोगों को गमछा ओढ़ाकर उनका हौसला बढ़ाया गया।समारोह में सम्मानित हुए ब्रह्मर्षि समाज के गणमान्य लोग ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के होली मिलन समारोह- 2025 में समाज की ओर से विशेषरूप से प्रो. रामप्रिया बाबू, अर्जुन सिंह ( शिवपुरी), लॉ कॉलेज की प्रो.रश्मि प्रधान, प्रधानाचार्य जयनारायण पाण्डेय, डॉ. वी. पी. सिन्हा, कैलाश बाबू, ज्योतींद्र चौधरी, राधेश्याम शर्मा, रवि शर्मा, एस.के. शर्मा, अनीश कांत सिंह, प्रभात कुमार, विपिन कुमार, अतुल कुमार, राजू कुंवर, अरुण कुमार, अनिल कुमार, रंजन सिंह, मदन सिंह, पी.एन.सिंह, अमन कुमार सहित अन्य लोगों को पीला ग़मछी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के जिले भर से सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।

## तंदुरुस्ती की सबसे बड़ी कुंजी है योग : डॉ मुनीष गोविंद

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रम

**वर्ल्ड वाइज न्यूज**






**हजारीबाग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस में स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के बैनर तले युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से फिट इंडिया विमेंस सप्ताह के तहत शनिवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, एआर एकेडमिक डॉ माधवी मेहता, एआर एडमिशन चांदनी कुमारी समेत अन्य महिला कर्मियों के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षक कृति शर्मा व सोनिया कुमारी ने आईसेक्ट विश्वविद्यालय के योग प्राध्यापक मनीष कुमार के निर्देशन में योग क्रिया करायी। साथ ही योग की अहमियत से भी अवगत कराया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि भारतीय महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र हो या खेल के क्षेत्र या अन्य क्षेत्र, हर जगह नए कीर्तिमान स्थापित कर रहीं हैं। इस बीच उन्होंने महिला सुरक्षा और महिला के समान अधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर भी प्रकाश डाला। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि हम अपनी सेहत के प्रति भी जागरूक रहें और तंदुरुस्ती की सबसे बड़ी कुंजी योग है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस जैसे खास मौके पर योग कार्यक्रम के जरिए सेहतमंद रहने का संदेश जाए, इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं की ओर से संबोधित करते हुए एकेडमिक एआर डॉ माधवी मेहता ने कहा कि हमारे समाज में महिला की सशक्त तथा महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए महिलाओं की शिक्षा पर और जोर देने की आवश्यकता है, क्योंकि यह भी सच है कि पुरुष शिक्षित होता है तो एक पीढ़ी को शिक्षित कर सकता है लेकिन एक महिला शिक्षित होती है तो वह कई पीढ़ियों को शिक्षित कर देती है। आखिर में तंदुरुस्ती को लेकर शपथ भी दिलाई गई। मंच संचालन पंकज प्रज्ञा व धन्यवाद ज्ञापन कोमल पल्लवी भेंगरा ने किया। इस मौके पर स्पोर्ट्स ऑथोरिटी इंडिया की ओर से पदमा सेंटर इंचार्ज उधम सिंह, हॉकी कोच आबिद अली, सज्जन सिंह, सुरेश यादव, हिमेश सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कमिटि के चेयरमैन उदय रंजन, खेल शिक्षक आदित्य कुमार, पंकज प्रज्ञा, कोमल पल्लवी भेंगरा, राजेश रंजन, अमित कुमार, रविकांत कुमार, संजय कुमार दांगी, मुकेश कुमार, राहुल राजवार, हिमांशु चौधरी, यशवंत कुमार, रोहित लाल सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में होली मिलन समारोह

### धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों के साथ अबीर गुलाल लगा लिया आशीर्वाद



**वर्ल्ड वाइज न्यूज**

धनबाद। संबलपुर स्थित ओल्ड इज होम में लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम एवं रोटी बैंक यूथ क्लब के सौजन्य से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा उपस्थित हुईं। इस मौके पर आश्रम के अध्यक्ष मो.नौशाद गदी ने बुके देकर धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा का स्वागत किया। धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा को आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों ने अबीर गुलाल लगाकर होली खेली। वहीं धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने वृद्ध जनों को अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने होली की एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया।आश्रम में अतिथियों ने होली की गीत सुनकर खूब आनंद लिया एवं होली के गीतों पर जमकर डांस किया। इस मौके पर आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी, सचिव सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा मीडिया प्रभारी विजय सिन्हा, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, राहुल सिंह, ऋषभ राज, मानव अधिकार प्रोटेक्शन के झारखंड महा सचिव मुख्तार अहमद, मुन्ना सिंह, सुबल सिंह सहित आश्रम एवं रोटी बैंक के अनेक सदस्य उपस्थित थे। वहीं धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समस्त देशवासियों को होली की बधाई दी और कहा कि आज इस आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों के साथ होली मना कर काफी अच्छा लगा। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा कि आज हमारे लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जहां आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों ने धनबाद उपायुक्त माधुरी मिश्रा को अबीर गुलाल लगाकर होली मनाई और हमारे आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जन काफी खुश हुए। वहीं रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर ने समस्त देशवासियों को होली की बधाई दी।

# हजारीबाग सदर विधायक ने जनता को समर्पित किया दो एंबुलेंस

- संजीवनी सेवा कुटीर में संपर्क कर लोग ले सकते हैं एंबुलेंस का लाभ
- जनता की स्वास्थ्य सेवा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, हर जरूरतमंद तक सुविधाएं पहुंचाना मेरा संकल्प है : प्रदीप प्रसाद







**वर्ल्ड वाइज न्यूज**

हजारीबाग। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए अपने क्षेत्र की जनता को दो एंबुलेंस समर्पित किया हैं। ये एंबुलेंस जरूरतमंद मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में सहायक होंगी और हजारीबाग क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगी। रविवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थित संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क के पास आयोजित समारोह में विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर इन एंबुलेंस को जनता की सेवा में समर्पित किया। जिससे पूर्व पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना की गई. पूजा अर्चना भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य एवं उपस्थित महिलाओं के हाथों किया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय नागरिक, स्वास्थ्यकर्मी, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षीराणा,भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पांडे,भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौड़, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष अरुण राणा, प्रकाश कुशवाहा, पश्चिमी नगर मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू, पूर्व मुखिया प्रेमचंदप्रसाद, राजकुमार यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, मनीष ठाकुर, मुखिया नारायण साव, हलधर यादव, रामकुमार मेहता, महावीर सिंह, शंकर यादव, मैनेजर प्रसाद, सुंदर मुंडा, बिरजू राम, रामावतार शर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विनोद सिंह, अर्जुन साहू सहित कई लोग उपस्थित थे। विधायक प्रदीप प्रसाद का हमेशा प्रयास रहा है कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। विधायक बनने से पहले भी वे समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से जुटे रहे हैं और उनकी प्राथमिकता हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करना रही है। विधायक बनने के बाद भी उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अपनी प्राथमिकता में रखा है। हजारीबाग क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क की शुरुआत की, जहां आमजन को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में अब उन्होंने दो एंबुलेंस सेवा को जनता को समर्पित किया है ताकि मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके और किसी भी आपातकालीन स्थिति में यह सेवा उनकी जान बचाने में सहायक हो। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा सपना है कि हजारीबाग क्षेत्र में एक अत्याधुनिक और भव्य अस्पताल का निर्माण हो, जहां आम जनता को छोटी बीमारियों से लेकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज सस्ते दरों पर उपलब्ध हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि जरूरत पड़ने पर वे संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क में संपर्क कर इन एंबुलेंस सेवाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विधायक प्रदीप प्रसाद के इस प्रयास की लोगों ने प्रशंसा की और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उनके योगदान को सराहा।

# इस्कॉन का मना गौर पूर्णिमा महा महोत्सव

- कार्यक्रम में शामिल हुईं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता
- आध्यात्मिक ज्ञान और आत्म-साक्षरता को बढ़ावा देता है यह महोत्सव : शेफाली गुप्ता







**वर्ल्ड वाइज न्यूज**

**हजारीबाग**। इस्कॉन हजारीबाग द्वारा पीटीसी चौक स्थित बंशीधर कालोनी में श्री श्री गौर पूर्णिमा महा महोत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता बतौर अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुईं। गौर पूर्णिमा महा महोत्सव में गौर कथा में आध्यात्म से जुड़ी बातें साझा की गईं। उसके बाद महाभिषेक, नगर संकीर्तन, सामूहिक नाम जप, पुष्प होली एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान इस्कॉन हजारीबाग परिवार द्वारा भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता को स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत एवं अभिनंदन से काफी अभिभूत हुईं। साथ ही भगवान के समक्ष माथा टेककर सभी की सुख, समृद्धि एवं सफलता की मंगल कामना की। महाभिषेक में सम्मिलित होकर शंख एवं मिट्टी के बर्तन से जलाभिषेक की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ एक आध्यात्मिक संगठन है जो भगवान कृष्ण की भक्ति और गौड़ीय वैष्णववाद के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है। आध्यात्मिक ज्ञान और आत्म-साक्षरता को बढ़ावा देता है। उन्होंने बतौर अतिथि कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए इस्कॉन हजारीबाग का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# महिला दिवस पर महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

## विकास व सामाजिक कार्यों में तेजी से आगे बढ़ रही है आधी आबादी : बीडीओ







**वर्ल्ड वाइज न्यूज**

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)**। विष्णुगढ़ प्रखंड में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।महिला दिवस के मौके पर प्रखंड सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए मुखिया लक्ष्मी कुमारी,आंगनवाड़ी सेविका चिंता देवी, सहायिका गीता देवी, शिक्षिका मीनू कुमारी, अनीता महतो, जेएसएलपीएस से अनीता देवी, रिंकी कुमारी, बसंती देवी,सुनीता देवी, ललिता देवी, कविता देवी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को बीडीओ अखिलेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि विकास व सामाजिक कार्यों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। आधी आबादी।विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का आभार व्यक्त किया। मौके पर अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, चिकित्सा प्रभारी अरुण कुमार सिंह, प्रखंड प्रधान लिपिक प्रवीण कुमार बक्शी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ममता सिंह, जेएसएलपीएस से दिव्या सिंह समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं।

# भाजपा ने आयोजित की अटल विरासत संगोष्ठी

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह पर होली मिलन कार्यक्रम

**अरुण सूद, वर्ल्ड वाइज न्यूज**



**कोडरमा**। भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला की ओर से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह पर अटल विरासत संगोष्ठी का आयोजन सौरभ होटल ( साईं आयरन ) के बगल में झुमरी तिलैया में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन महामंत्री विजय यादव और शिवेंद्र नारायण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में होली मिलन कार्यक्रम भी किया गया। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड प्रदेश के प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय बाबूलाल मरांडी ने अपने संबोधन में कहा अटल बिहारी वाजपेई एक विचारक थे। वह राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़ कर समाज सेवा शुरू की। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ पार्टी का गठन करवाया और पार्टी को पूरे देश में आगे ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा। प्रधानमंत्री काल में पोखरण परमाणु परीक्षण कराकर देश को परमाणु संपन्न बनाया, चतुर्भुज योजना चलाकर ,प्रधानमंत्री सड़क योजनाओं के द्वारा देश को विकास की गति दी। उन्होंने एक मत के चलते सरकार गिरनी मंजूर की, लेकिन खरीद फरोख्त पर विश्वास नहीं किया। इससे हमें राजनीतिक में शिक्षा लेनी चाहिए।जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी को सम्मानित किया एवं सभी आए हुए अतिथियों का सम्मान किया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ओर से झारखंड निर्माण एवं कोडरमा, हजारीबाग रेलवे लाइन की नींव रखी गई। अटल बिहारी वाजपेई की ओर से दिए ग्राम सड़क योजना के बारे में बताएं कि उनके समय में मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे। उन्होंने गांव को पुल पुलियों से जोड़कर गांव को मुख्यालय से जोड़ा और झारखंड के विकास को भी एक बड़ी गति दी।नितेश चन्द्रवंशी ने कहा अटल जी उदारवादी छवि के नेता थे और 24 दल के घटक को लेकर सरकार बनाई और चलाएं जो एक उदाहरण है। रमेश सिंह ने कहा वाजपेयी का कार्यकाल स्वर्णिम रहा। देश में भारतीय जनता पार्टी के पहली बार भाजपा की सरकार बनी। प्रकाश राम ने कहा की अटल जी के कवि वाले हृदय के बारे में बताएं। वीरेंद्र सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, गोपाल कुमार गुतुल ने अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र सिंह, अशोक उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी ,जिला मंत्री सुधीर सिंह, दिनेश सिंह, सूरज प्रताप मेहता, शशि भूषण प्रसाद ,जिला कोषाध्यक्ष सुभाष मोदी, कार्यालय मंत्री हरि पंडित, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीति सेठ, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरशद खान, वासुदेव शर्मा, राजेंद्र सिंह, राजकिशोर प्रसाद, सत्यनारायण यादव, जनसंघ कार्यकाल के परिवार विनोद भदानी, गतेन्द्र कटारिया, ओमप्रकाश ब्रह्मपुरिया, आशुतोष भदानी, मदन गुप्ता, 74 आंदोलन के रमेश सिंह, विष्णु बर्णवाल,, मुन्ना सुल्तानिया, सुभाष जैन, वनांचल आंदोलन के रामचंद्र सिंह, प्रकाश राम, वीरेंद्र सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, जगदीश सलूजा, राजकुमार यादव, नरेंद्र पाल, मनोहर मोदी, मंडल अध्यक्ष सुधीर सेठ, मुकेश राम, सुरेंद्र यादव, सुनील यादव, राजेंद्र सिंह, इंद्रदेव बर्णवाल,प्रदीप कुमार पांडेय, पारिजात सिंह, सुनील भारती, कुलदीप राम, रंजीत सिंह, कौशल सिंह, मिथिलेश सिंह, सुनील कुमार बडगवे, ईश्वर दयाल वर्णवाल, सीताराम भगत, महेश राणा, रमेश यादव, सतीश राणा, कृष्ण प्रसाद यादव, रोशन कुमार, रंजीत कुमार, निरंजन कसेरा, जगदीश कुमार, मुकेश कुमार, राकेश कुमार सिंह, जावेद मुस्कान, सपन कुमार, जहीर अंसारी, बसीम खान ,कृष्ण कन्हैया निराला, शंकर प्रसाद सिंह , किशोर भाटिया, राजीव रंजन सिंह, शंकर कुमार राणा, वीरेंद्र कराटे, पीयूष सहल, मधुसूदन सिंह संजय यादव, सुजीत कुमार सिंह, संदीप कुमार, महादेव दास, नवीन लाल, राजेश कुमार यादव, कविता देवी, अनिता कुमारी, रीता देवी, बेबी देवी, रेखा भदानी, लीना देवी, प्रकाश मेहता, सुदिप्ता घोष, उत्तम कुमार, ध्रुव कुमार गुप्ता आदि शामिल हुए।

# बगोदर विधायक ने रखी पुलिया की आधारशिला



**वर्ल्ड वाइज न्यूज**

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)**। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बराई गांव में बड़की बांध पर जिला योजना अनाबद्ध निधि मद से पुलिया का शिलान्यास बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने किया। पुलिया का निर्माण जिला योजना अनाबद्ध निधि के लगभग 53 लाख रुपए की राशि से बनेगा।शिलान्यास स्थल पर लोगों को संबोधित करते विधायक महतो ने कहा कि सड़क और पुल-पुलिया किसी भी क्षेत्र के विकास की पहली कड़ी है। बड़की बांध पर पुल के नहीं होने से आवागमन में दिक्कत होती थी। पुलिया बन जाने से कई गांवों का आवागमन सुगम होगा।वहीं काली मंदिर से बांध तक पक्की सड़क बनाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, दिलीप महतो, योगेंद्र यादव, अशोक मंडल, मुन्ना कुमार, मनोज कुमार, संदीप मंडल, घनश्याम रजक, सोनू साव, उमेश रजक, कारू सिंह,हिरामन ठाकुर, मनोज मंडल, अमजद अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**वर्ल्ड वाइज न्यूज**



**पलामू**। जिले के छतरपुर और हरिहरगंज में दो सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन जख्मी हैं। सभी को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। हरिहरगंज में दो, जबकि छतरपुर में एक युवक की मौत हुई। पहली घटना शनिवार रात छतरपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर-जपला रोड में अरुण आवासीय विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। तीन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद तीनों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृत युवक और घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। दूसरी घटना एनएच 139 हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रविवार तड़के डेढ़ बजे हुई। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जान चली गयी। दोनों की मौके पर ही मौत हुई। शव के सड़क पर पड़े रहने के कारण 15 मिनट तक हाइवे जाम भी रहा। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हालांकि उसका नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज के रविकांत कुमार (26) एवं दूसरा गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के चिरैली के सुनील कुमार (20)के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत एवं सुनील एक ही मोटर साइकिल (बीआर 26ए ए6422) से छतरपुर की ओर से आ रहे थे। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराए के मकान में जाना था। दोनों जैसे ही बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (यूपी 44 बीटी 0295) से जोरदार टक्कर हो गयी। उक्त दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को घटनास्थल से उठवाया। बाइक को जब्त किया। पोस्टमार्टम के लिए शव हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया गया है। दोनों युवक दो साल से हरिहरगंज में रह रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर रविकांत के पिता हरिहरगंज पहुंचे और धक्का मार कर भागने वाले ट्रक चालक पर एफआइआर दर्ज करायी है। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 युवकों की मौत हो गई। शनिवार दोपहर पांकी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक-एक युवकों की मौत हुई।

# रक्तदान कर मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग की जिला महिला प्रकोष्ठ की पुनीत पहल









**वर्ल्ड वाइज न्यूज**

**हजारीबाग**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग की जिला महिला प्रकोष्ठ की ओर से वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से महिलाओं में रक्तदान की प्रति जागरूक करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अक्सर देखा जाता है कि रक्तदान करने से महिलाएं कतराती हैं। इतना ही नहीं वे अपने पति एवं बच्चों को भी रक्तदान करने से रोकती है। उनके मन में यह गलत धारणा बनी है कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है। इस धारणा को हटाने के लिए रक्तदान के प्रति जागरुकता के लिए महासभा की महिलाओं ने वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन को आमंत्रित किया। श्री जैन ने रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे जानकारी दी, जिससे प्रभावित होकर उपस्थित सभी महिलाओं ने रक्तदान करने के लिए फॉर्म भर दी पर बहुत सी महिलाएं रक्तदान करने के मापदंड पर सही नहीं रहने के कारण रक्तदान नहीं कर पाई। रक्तदान का शुभारंभ अर्चना सिंन्हा, संजय सिन्हा ने रक्तदान कर के किया। तत्पश्चात निक्की सिंन्हा, अर्चना सिन्हा, श्याम सुंदर सिन्हा बबली सिन्हा,अर्चना सिन्हा, गौतम सिन्हा आदि महिलाओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अर्चना सिन्हा और महामंत्री रश्मि लाल ने कहा कि वे महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए जगह-जगह जाकर, रक्तदान जागरूकता शिविर , का आयोजन करेंगी ताकि इस क्षेत्र में महिलाओं की भी पूरी भागीदारी रहे। समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रुपेश बिहारी लाला ने महिलाओं के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वे उनके इस नेक कार्य के लिए पूर्ण सहयोग देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रूपेश बिहारी लाल, जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा अर्चना सिंन्हा, महामंत्री रश्मि लाल, पदाधिकारी मिताली रश्मि, संध्या रश्मि, निक्की सिन्हा, सुधा प्रधान, सोनम प्रधान, अर्चना सिंन्हा, नेहा सिन्हा, राधा रानी, सुषमा वाला, उषा सिंन्हा, सरिता, उप पदाधिकारी नीलू रंजन, नम्रता दास, पुष्पा सिंन्हा, ममता सिंन्हा, बबीता सिंन्हा और प्रीति बाला एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, पूनम कुजूर, रीमा कुमारी और अजीत कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# सर्च अभियान में तीन किलो का आईईडी बरामद

**वर्ल्ड वाइज न्यूज रांची**

**पश्चिमी सिंहभूम**। पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सर्च अभियान के दौरान रविवार को एक तीन किलो का आईईडी बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के मंसूबे को एक बार फिर से विफल किया है। टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम सरजामबुरू, जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली पहाडी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये एक आईईडी बम बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से डिफ्यूज कर दिया । एसपी ने बताया कि इलाके में लगातार नक्सल विरोधी अभियान जारी है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा-कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 , 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 26, 60, 134 , 174, 193, 197 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इनके संबंध में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने के के बाद लगातार इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# बिरादरी ने की दो सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**वर्ल्ड वाइज न्यूज रांची**



पंजाबी हिंदू बिरादरी ने रविवार को तमाड़ के बरलंगा गांव स्थित उच्च विद्यालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। चिकित्सा शिविर में डॉक्टर अजय छाबड़ा, डॉक्टर उदीप लाल, डॉक्टर जयकांत प्रसाद, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर विजयेता निर्मल और डॉक्टर निरंजना निशी ने लोगों के ब्लड शुगर, बीपी समेत अन्य की जांच की। शिविर का आयोजन तमाड़ के विधायक विकास मुंडा और समाजसेवी प्रदीप महतो के सौजन्य से किया गया था। इस अवसर पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल,राजेश मेहरा,राजेश खन्ना, चरणजीत मुंजाल, विनोद माकन, अरुण चावला, अशोक माकन, अजय सखूजा, अनुप वाधवा, सीमा उग्गल, मीनू मेहरा, बबिता खन्ना, वीणा माकन, कमलेश मुंजाल, पुनम माकन, अनिता सखूजा, पुनम सखूजा और किरण महतो ने उपस्थित दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और उनमें निशुल्क दवा और फल वितरित किया। शिविर के लिए इस गांव सहित आस-पास के गांवों में भी मौखिक और पर्चा बांटकर जानकारी दी गई थी।

# चाईबासा पुलिस ने सात एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती नष्ट की

**वर्ल्ड वाइज न्यूज रांची**

**पश्चिमी सिंहभूम** । चाईबासा पुलिस अवैध अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कोलेयडा, जरकंडी, जलासर और कातिदिरी के वन क्षेत्र में लगभग सात एकड़ भूमि पर फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि जिले में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत ट्रैक्टर की सहायता से लगभग सात एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।साथ ही, पुलिस द्वारा ग्रामीणों को अफीम की खेती न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्हें वैकल्पिक रूप से सब्जी की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली जा रही है। पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 'लाचार मकान खरीदारों से फिरौती वसूली जा रही है।' कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं।

# हिंदीः जनमानस की भाषा



अरुण कुमार दीक्षित




हिंदी को लेकर एक बार फिर उत्तर से लेकर दक्षिण तक बहस जारी है। सबके अपने-अपने दावे हैं। राजनीतिक घाटे-मुनाफे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने तो यहां तक कह दिया कि सरकारी दफ़्तरों से हिन्दी हटाएं, तमिल लागू करें। हिंदी सभी भाषाओं को समाप्त कर देगी। संविधान के अनुच्छेद 343 में कहागया है कि राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में लंबी चर्चा के बाद हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया था। भारत की राष्ट्रभाषा अपनी ही होनी चाहिए। जैसा कि पूरी दुनिया के अधिकांश देशों में स्वयं की भाषाएं हैं। संविधान के अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि हिंदी का इस प्रकार विकास किया जाए कि हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। उसके सरल और सुबोध को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारतीय संविधान में भारत की किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा की स्वीकृति नहीं है। हालांकि हिंदी एवं अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा माना जाता है। संविधान में 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया गया है। विकल्प है कि केंद्र और राज्यों की सरकारें स्वयं चाहे तो 22 भाषाओं में किसी भी भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में चुनाव कर सकेंगे। यह भाषाएं हिंदी, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु, बोडो, डोगरी, बंगाली उर्दू और गुजराती हैं। केंद्र सरकार ने कामकाज के लिए हिंदी और रोमन को आधिकारिक भाषा माना है। अलग-अलग राज्यों में स्थानीय भाषाएं लागू की गई है। हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव संविधान सभा मे दक्षिण भारत के गोपाल स्वामी अय्यंगर ने रखा था। गांधीजी ने 1918 में हिंदी को राजभाषा बनाने की बात की थी। उन्होंने कहा था हिंदी जनमानस भाषा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने संसद में कहा था, संसद और देश की भावना यही है कि हिंदी को संघ की सरकारी भाषा स्वीकार किया जाए। मैं समझता हूं कि इस पृष्ठभूमि मे जिस बात का उपबंध संविधान में है वह सामान्यतः स्वीकार्य है कि हिंदी सीखना चाहिए। देश में महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए, परंतु इसे यह महत्वपूर्ण स्थान तभी मिल सकता है यदि हम इस उद्देश्य को सद्भावना से प्राप्त करें। संविधान सभा में कमलापति त्रिपाठी ने कहा था भाषा संस्कृति का आधार होती है और संस्कृति राष्ट्रों के इतिहास और जीवन है। उनके उत्थान विकास का आधार होती है। संविधान लागू हुआ तब यह व्यवस्था दी गई कि 1965 तक यानी 15 वर्षों तक अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जब तक सीमा पूरी होती उससे पहले 1957 में ही अंग्रेजी हटाओ मुहिम को सक्रिय आंदोलन में डॉ. लोहिया ने बदल दिया। लोहिया का मानना था कि हिंदी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। सरकारी कामकाज में इसका इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि संघ की भाषा हिंदी होगी। यह भी कहा था की अंग्रेजी हटाओ आंदोलन का मतलब हिंदी लाओ नहीं है, बल्कि मातृभाषा, लोक भाषा के बिना लोक राज असम्भव है। अंग्रेजी के सार्वजनिक प्रयोग को बंद करने की मांग की लोहिया हिंदी के बड़े पैरोकार थे। लोहिया हिंदी के विकास में ही लोकतंत्र का विकास देखते थे। उनका मानना था, कि विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका में मातृभाषा का प्रयोग न के बराबर आम जनता की प्रजातंत्र में शत-प्रतिशत भागीदारी के रास्ते का रोड़ा है। वे संसद में कम समय ही रहे। लोहिया संसद में अंग्रेजी में कभी नहीं बोले। वे कहते वोट लोक भाषा में मांगते हैं, चुनाव बाद अंग्रेजी बोलना लोकद्रोह है। डॉ लोहिया का भाषा चिंतन विशेष प्रकार का था। गांधीजी के बाद डॉ लोहिया स्वतंत्र भारत के अकेले नेता रहे जो भाषा के विषय पर राष्ट्रीय संदर्भ में विचार करते थे। वे अंग्रेजी को सामंती भाषा बताते हुए खतरों से आगाह करते रहे। कहा कि यह श्रमिकों, किसानों और शारीरिक श्रम करने वालों की भाषा नहीं है। अखिल भारतीय "अंग्रेजी हटाओ" सम्मेलन के प्रथम सम्मेलन का अधिवेशन नासिक महाराष्ट्र में 28, 29 अक्टूबर 1959 को हुआ। अधिवेशन में कई प्रांतो के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। हिंदी भाषा के अखिल भारतीय महत्व का पहला कारण यह है कि वह भारत की सबसे बड़ी जाति की भाषा है। दूसरा कारण यह है कि उत्तर भारत, बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र तक की भाषाओं और हिंदी के शब्द भंडार में इतनी ज्यादा समानता है, कि लोग उसे आसानी से समझ लेते हैं। तीसरा कारण है राजस्थान के व्यापारी और पूंजीपति भारत के विभिन्न प्रांतो में फैले हुए हैं और साधारणतः हर जगह हिंदी शिक्षा के प्रचार प्रसार आदि में सहायता करते हैं। चौथा सबसे बड़ा महत्वपूर्ण कारण है कि हिंदी भाषा इलाके के मजदूर मुंबई कलकत्ता जैसे बड़े-बड़े नगरों में भारी संख्या में मिलते हैं। डॉ. सुनीत कुमार चाटुर्ज्या ने 1948 के अंतरराष्ट्रीय भाषाविद् सम्मेलन (पेरिस) में यह प्रस्ताव रखा था कि संसार में किसी भाषा के समझाने बोलने वालों के विचारों से हिंदी का नंबर तीसरा है। इसलिए अंग्रेजी, फ्रांसीसी, स्पेनी, रूसी और चीनी के साथ हिंदी को भी राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा मंजूर करना चाहिए। यह प्रस्ताव बहुत महत्वपूर्ण था। भारत जैसे देश की एक भाषा राष्ट्र संघ में अवश्य होनी चाहिए। रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसे मनीषियों ने भगीरथ प्रयत्न किया। गांधीजी ने इस बात का जोरदार आंदोलन किया कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। उन्होंने जापानी की मिसाल देकर बताया कि वहां के लोगों ने यूरोप की विद्या ग्रहण की है, अपनी भाषा के माध्यम से। उनका शिक्षण जापान में होता है न कि अंग्रेजी में। राष्ट्रीय आंदोलन की यह मांग रही है कि शिक्षा संस्थानों से लेकर न्यायालयों तक में जो सारा काम अंग्रेजी के माध्यम से होता है वह बंद होना चाहिए। और अंग्रेजी ने भारतीय भाषाओं के जो हक छीने हैं वह उन्हें वापस मिलने चाहिए। तब हम कैसे मानें की अंग्रेजी यहां लादी न गई थी। और उसे गौरव स्थान देने के लिए यही के देशभक्तों ने प्रयास किया था ? अंग्रेजी से कुछ सीखना एक बात है।

अंग्रेजी को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों का माध्यम बना लेना दूसरी बात है। भारत के नवीन सांस्कृतिक जागरण में अंग्रेजी के महत्व को बढ़ा-चढ़ा कर आंका जाता है। अंग्रेजी के माध्यम से प्राप्त विचारधारा इस जागरण की प्रमुख धारा नहीं रही। प्रमुख धारा के तत्व भारतीय ही रहे हैं। डॉ. रामविलास शर्मा पृष्ठ 380,393 भाषा और समाज) हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकार सुमित्रानंदन पन्त ने कहा था। हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह हमारी भावनाओं, विचारों की सहज अभिव्यक्ति का माध्यम है। निराला ने हिंदी को सशक्त और समृद्ध बताया है। उनका कहना है हिंदी केवल भाषा नही है, यह एक क्रांति है। जनता की भाषा है। जनता जब जागेगी तो हिन्दी के माध्यम से ही अपनी शक्ति प्रकट करेगी। हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा, मातृ भाषा है। हिन्दी हमारी संस्कृति है हिन्दी के अधिकतम प्रयोग और भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए लगातार वैचारिक अभियान होना चाहिए।

# गुलाबी को नीले में बदलने की मशक्कत



(विवेक रंजन श्रीवास्तव -विनायक फीचर्स)

स्त्री विमर्श पर एक बड़ा लेख लिखकर टहलने निकला था तभी एक रंगरेज से अनायास मुलाकात हो गई । वह बड़ा हैरान परेशान था। पूछ रहा था सर क्या किसी भी तरह गुलाबी रंग नीला बन सकता है। मुझे बडा आश्चर्य हुआ , मैंने पूछा कि आखिर वह यह परिवर्तन क्यों चाहता है। मैने उसे समझाना चाहा कि गुलाबी रंग बड़ा प्यारा लगता है, गुलाब की खुशबू की तरह भीना, मृदुल , प्रभावी। किसी बच्चे सा सम्मोहक । गुलाबी रंग शांति, खुशी, स्थिरता, आशावाद और रचनात्मकता जैसे सकारात्मक भावों से जुड़ा है। यू ट्यूब पर पिंक नाइज से जल्दी ही नींद आ जाती है। यह रंग तनाव और चिंता को कम करने में मदद कर, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देता है । गुलाबी रंग आशावाद और सकारात्मकता का प्रतीक है। जापान में , गुलाबी रंग को पारंपरिक रूप से चेरी के फूलों के साथ जोड़ा जाता है । वहां गुलाबी रंग के वस्त्र पहनने का अर्थ है अच्छा स्वास्थ्य । थाईलैंड में पुरुष शादियों में गुलाबी रंग के कपड़े पहनते हैं । इसे सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। कोरिया में गुलाबी रंग विश्वास का प्रतीक है तथा मासूमियत और पवित्रता का प्रतिनिधित्व करता है । बच्चों के खिलौने प्रायः गुलाबी बनाए जाते हैं। फ्रांस तथा अमेरिका सहित पाश्चात्य राष्ट्रों में गुलाबी रंग को स्त्री लिंग से जोड़ा गया है। इस रंग को नारीत्व के प्रतीक के रूप में व्यापारिक स्तर पर सर्वव्यापी उपयोग किया जा रहा है। हिंदू धर्म में, गुलाबी कमल मां लक्ष्मी का आसन माना जाता है। भारत में गुलाब और गुलाल विश्व प्रसिद्ध हैं। इंटीरियर डिजाइनर गुलाबी रंग का उपयोग आरामदायक और शांत वातावरण बनाने के लिए करते है। योग केंद्र की दीवारें प्रायः हल्के गुलाबी रंग से पेंट की जाती है। मिठाई में गुलाबी रंग की चमचम बहुत स्वादिष्ट और मीठी होती है, बेकरी प्रॉडक्ट में गुलाबी आइसिंग सुंदर लगती है। लड़कियों के कोमल भाव से गुलाबी रंग के साम्य को देखते हुए ही महिलाओं के उपयोग की अधिकांश वस्तुएं पिंक बनाई जाती हैं । पिंक बूथ और पिंक ब्रिगेड , पिंक क्रिकेट से लेकर पिंक बस और पिंक टायलेट तक गुलाबी रंग महिला प्रतीक के रूप में स्थापित है। गुलाबो ग्लैमरस है। गुलाब गैंग की ताकत हम फिल्म में देख चुके हैं। मैने रंगरेज को अपना रंग ज्ञान बताना जारी रखा, मैंने कहा नीला रंग आकाश और समुंदर का रंग है। शिव ने जब कंठ में विष धारण किया तो उनके कंठ का रंग भी नीला पड़ गया था। नील कमल में विष्णु के वास की कल्पना की गई है। नीला रंग स्थिरता और दिव्य शांति का प्रदाता होता है। शायद इसीलिए पुरुष को नीले रंग के रूपक में प्रदर्शित किया जाता है। मैंने गुलाबी और नीले रंगों का अपना बौद्धिक ज्ञान झाड़ने के बाद रंगरेज के सम्मुख अपना कौतूहल रखा कि वह पिंक को ब्लू में बदलने की मशक्कत क्यों कर रहा है। रंगरेज हंस पड़ा , उसने कहा मैं कहां बदलना चाहता हूं सर,यह तो आप जैसे प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों की जिद है । आप ही स्त्री विमर्श पर ढेर किताबें लिख रहे हैं। समाज के प्रत्येक कार्य में पिंक और नीली कुर्सियां गिन गिन कर खांचे बना रहे हैं। गुलाबी रंग को नीले में तब्दील करने के लिए , फ़िल्मों में और विज्ञापनों में लड़कियों की अर्द्ध नग्न खूबसूरती परोसने के लिए खुद लड़कियों को पुरुषों से आगे होने के स्वप्न दिखा कर राजी कर लिया जाता है । नीले कंधे से कंधे मिलाकर चलने का फरेब जता कर गुलाबी पर दोहरा दबाव लाद दिया जाता है । फैशन ने स्त्री को पतलून तो पहना दिया है पर उसकी पायल नहीं उतारी। वह दोहरे चरित्र में जीने को मजबूर है। इस स्त्री विमर्श के चक्कर में झीनी गुलाबी मंहगी ड्रेसेज को अपनी नजाकत के संग लट्ठ नीली रफ टफ जींस की तरह सारे काम भी करने पड़ते हैं और अपनी नैसर्गिक कोमलता भी बचानी होती है। बिजनेस के नए अंदाज हैं जिनमें नीले की मार्केटिंग भी गुलाबी ही कर रहा है। बस इसीलिए गुलाबी को नीले में बदलने की उलझन है। रंगरेज के इस यथार्थ ज्ञान पर मैं खामोश, निरुत्तर रह गया । स्त्री विमर्श पर नव विमर्श की व्याख्या का चिंतन करने पर मजबूर हो गया। मैंने रंगरेज से कहा गुलाबी रंग गुलाबी है उसे गुलाबी ही रहने दो और नीले को पक्का नीला । उसने उत्तर दिया हुजूर असली गुलाल तो गुलाबी ही रहेगा,नीला गुलाल रंग में नीला भले हो पर वह गुलाल नहीं । फ्यूजन करके लैब से नीला दिखने वाला गुलाब उगा सकते हैं पर उसमें वह नैसर्गिक खुशबू कहां से लाएंगे जो गुलाब की वास्तविक पहचान है।(विनायक फीचर्स)

## सूडोकु नवताल- 7365


★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |




**मेष राशिः** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी।

**वृष राशिः** आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन राशिः** आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क राशिः** आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी पुराने दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

**धनु राशिः** आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

**मकर राशिः** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। जीवनसाथी आपकी बातों को महत्व देंगे, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा।

**मीन राशिः** आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा।

# श्रीलंका को भी है श्रीराम से आस

बीपी गौतम

भारत में श्रीराम मंदिर आंदोलन के पश्चात एक वर्ग विशेष श्रीराम को काल्पनिक पात्र सिद्ध करने का प्रयास करने लगा था। राम सेतु को भी न्यायालय में एक समय नकार दिया गया था पर, भारतीयों पर किसी कु-तर्क का कभी कोई असर नहीं हुआ। भारत में जीवन की प्रत्येक भोर राम नाम से शुरू होती है और जीवन की अंतिम यात्रा में भी राम नाम ही सर्वोपरि रहता है, इसके अलावा श्रीराम पर विभिन्न संस्कृतियों की विभिन्न भाषाओं में सैकड़ों वर्ष पहले ही तीन सौ से अधिक रामायण लिखी जा चुकी हैं। भारत के बाहर भी श्रीराम आस्था, श्रद्धा और भक्ति के पात्र हैं लेकिन, जहाँ श्रीराम जन्मे, उस देश में श्रीराम को काल्पनिक पात्र सिद्ध करने का कुत्सित प्रयास किया गया। दावा किया गया कि श्रीराम को श्रीलंका में कोई नहीं जानता, वहां उन्हें कोई नहीं पूजता, इस कु-तर्क का एक समय मेरे मन-मस्तिष्क पर भी असर हुआ। मेरे मन में वर्षों पहले विचार आया था कि किसी दिन श्रीलंका जाकर श्रीराम पर उठाये गये प्रश्नों के उत्तर खोजूंगा, वो समय अब आ पाया। मैं रामायण काल की लंका, प्राचीन काल की ताम्रपर्णी, सिंहल द्वीप, सीलोन और आज की श्रीलंका समाजवादी जनतांत्रिक गणराज्य की भूमि पर पहुंचा तो, बिना खोजे ही मुझे हर प्रश्न का उत्तर आसानी से ही मिल गया, इन उत्तरों के साथ बीपी गौतम यह भी बता रहे हैं कि आर्थिक संकट से जूझ रही श्रीलंका को अब श्रीराम का ही सहारा है एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संकटमोचक की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं...**सिंहबाहु के वंशजों से बन गया सिंहल द्वीप-** माना जाता है कि सिंहल की उपाधि पाने वाले राजा सिंहबाहु के वंशज राजकुमार विजय 700 अनुयाईयों के साथ ई. पू. 543 में श्रीलंका में जहाज से पहुंचे थे, जो श्रीलंका के प्रथम राजा माने जाते हैं। विजय द्वारा स्थापित शासन लगभग 2358 वर्षों तक चला। हालाँकि कुछेक समय के लिये चोल या, पांड्य के राजा ने अधिकार कर लिया था किंतु, वे टिक नहीं पाये, उन्हें सिंहलियों ने शीघ्र ही देश से बाहर खदेड़ दिया था। सिंहलियों ने श्रीलंका को कृषि प्रधान देश बनाया, यहाँ अलसी, सरसों, गरी, ईख, रुई, हल्दी, अदरक, काली मिर्च, मसाले तथा फलों की खेती सामान्यतः होने लगी थी। पशुपालन भी किया जाता था। तालाब बनाने में सिंहली दक्ष थे, उनके द्वारा पेयजल के लिये बनाये गये तालाब आज भी हैं, उन्होंने सिंचाई के लिये एक बड़े भू-भाग पर नहरें भी बनाई थीं। सिंहलियों का श्रीलंका के विकास और संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उनके बिना श्रीलंका का इतिहास पूर्ण हो ही नहीं सकता। श्रीलंका में पांच हजार साल पुराना लिखित इतिहास मौजूद है, जिसके अनुसार सिंहलियों ने प्रत्येक गांव में विद्यालय और चिकित्सालय स्थापित कर दिये थे, साथ ही महिलाओं के प्रसव के लिये अलग व्यवस्था थी लेकिन, सिंहली अच्छी भारतीय परंपराओं के साथ कुछेक कुरीतियों को भी साथ ले गये, जो वहां स्थापित हो गईं, इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कुरीति जाति के आधार पर ऊँच-नीच की भावना ही कही जायेगी, इस कुरीति का लाभ बौद्ध धर्म के प्रचारकों ने उठाया। उत्तर-पश्चिम भारत से गये सिंहल हिंदू धर्म का पालन करते थे, इसके बाद कलिंग तथा बंगाल से ब्राह्मण पहुंचे, जो वैष्णव तथा शैव विचारधारा में बांटने लगे। तीसरी शदी में बौद्ध धर्म का प्रचार थेरा महेंद्र ने किया, जिसके बाद राजा ने राजधर्म घोषित कर दिया, इसके बाद बौद्ध श्रीलंका का मुख्य धर्म बन गया। बुद्ध का भिक्षा पात्र, बाल, दांत और बोधिवृक्ष की एक शाखा भारत से राजाओं द्वारा श्रीलंका मंगवाये गये, इसके बाद कुछ स्तूपों का निर्माण भी कराया गया, इन सबका बौद्ध बने चुके सिंहलियों में बड़ा आदर और सम्मान है। श्रीलंका में आज भगवान बुद्ध सिर्फ पूजे ही नहीं जाते हैं बल्कि, वहां के बौद्धिष्ट बुद्ध को जीते हैं, वहां आज कण-कण में बुद्ध विद्यमान हैं, वे हर शहर और गांव में ही नहीं बल्कि, हर प्रतिष्ठान और हर घर में उपस्थित हैं। श्रीलंका के एयरपोर्ट पर कदम रखते ही बुद्ध की अनुभूति होने लगती है, जो श्रीलंका के अंतिम छोर तक होती रहती है लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि वहां के बौद्धिस्थ किसी अन्य धर्म और उसके अनुयायियों से घृणा नहीं करते, साथ ही उन्होंने हिंदू धर्म की विचारधारा और परंपरा को बौद्ध धर्म का अभिन्न अंग बना लिया है।**रावण और नागों ने बनवाये हैं प्राचीन शिव मंदिर-** रावण शिवभक्त था, उसने श्रीलंका में शिव के पाँच निवास स्थानों का निर्माण कराया था, जो पंच ईश्वरम कहे जाते हैं, जो उत्तर में नागुलेश्वरम मंदिर, उत्तर पश्चिम में केथीश्वरम मंदिर, पूरब में कोनेश्वरम मंदिर, पश्चिम में मुन्नेश्वरम् मंदिर और दक्षिण में टोंडेश्वरम मंदिर के रूप में आज भी प्रख्यात हैं, इसके अलावा जाफना प्रायद्वीप में रहने वाले नाग भी शिवभक्त थे, जो श्रीलंकाई तमिलों के पूर्वज बताये जाते है। बात हिंदू धर्म की करें तो, श्रीलंका के सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है। हिंदुओं के मंदिर 2,000 साल से भी पुराने हैं। 1915 की जनगणना के अनुसार श्रीलंका की आबादी में हिंदुओं की संख्या लगभग 25% थी। अंग्रेजों द्वारा गिरमिटिया मजदूर भी लाये गये थे, जिससे संख्या बढ़ गई लेकिन, 2011 में 12.6 प्रतिशत हिंदू रह गये, जो अधिकांशतः तमिल हैं। मध्य क्षेत्रों और राजधानी कोलंबो में हिंदू अनुयायियों की संख्या अधिक है। हालाँकि श्रीलंका में हुये गृहयुद्ध के दौरान बड़ी संख्या में तमिल मारे गये और तमिलों ने पलायन भी किया था, साथ ही एलटीटी वाले कब्जे में 2004 की सुनामी के दौरान भी बड़ी संख्या में हिंदू मारे गये थे, जिससे संख्या घट गई लेकिन, हिंदुओं के धार्मिक स्थलों के साथ किसी ने भी कुछ नहीं किया अर्थात, हिंदू मंदिरों आज भी प्राचीन स्वरूप में ही दिखाई दे रहे हैं। भारत के जितने हिंदू देवी-देवता हैं, वे सब श्रीलंका में भी हैं लेकिन, वहां सर्वाधिक लोकप्रिय देवता मुरुगन हैं, जिनके प्रति तमिलों को सर्वाधिक आस्था-श्रद्धा है। मुरुगन शिव-पार्वती के पुत्र हैं, जिन्हें भारत में कार्तिकेय के नाम से पहचाना जाता है, इनके स्कंद, सुब्रमण्य, कंद, कातिरगामा स्वामी और सनमुगा नाम भी हैं, इन्हें देवताओं का सेनापति माना जाता है।**शिवभक्त तिस्स के शासन काल में पहुंचा बौद्ध धर्म-** प्राचीन नाम लंका है, जिसे ताम्रपर्णी, सिंहल द्वीप, सीलोन और अब श्रीलंका नाम से जाना जाता है। राजुकमार विजय श्रीलंका की धरती पर पहुंचे तो, वहां की मिट्टी के स्पर्श होने से हाथ-पांव ताम्र जैसे हो गये, जिससे श्रीलंका का एक नाम ताम्रपर्णी भी हो गया पर, बाद में सिंहली इतने लोकप्रिय और प्रभावशाली हो गये कि द्वीप को सिंहल कहा जाने लगा। 17वीं शदी में अंग्रेजी भाषा के कवि मिल्टन ने पैरेडाइज लॉस्ट नामक महाकाव्य में ताम्रपर्णी को टाप्रोवेन भी लिखा है, जो संभवतः उच्चारण की समस्या है। हालांकि अब आधिकारिक नाम श्रीलंका समाजवादी जनतांत्रिक गणराज्य है। बुद्ध से प्रभावित सम्राट अशोक को सर्वाधिक सफलता लंका में ही मिली थी, उस समय लंका को ताम्रपर्णी कहा जाता था। ताम्रपर्णी के राजा शिवभक्त तिस्स ने अशोक की तरह ही देवानांप्रिय की उपाधि धारण कर ली थी। तिस्स ने अपने दूसरे राज्याभिषेक में अशोक को विशेष निमंत्रण भेजा था, इस समारोह में अशोक का भिक्षु पुत्र महेंद्र भेंट स्वरूप बोधिवृक्ष की पौध लेकर पहुँचा था। अशोक की पुत्री संघमित्रा का भी कार्यक्षेत्र लंका ही रहा, इन दोनों भाई-बहन को ही लंका में बौद्ध धर्म स्थापित करने का श्रेय दिया जाता है। बौद्ध धर्म श्रीलंका का अधिकारिक धर्म बना लिया गया, साथ ही सिंहलियों ने बौद्ध धर्म पूरी तरह अपना लिया। बात वर्तमान की करें तो, 4 फरवरी 1948 को श्रीलंका को डोमिनियन



# दुधारू पशु एवं आदर्श पशुशाला

देश का उत्तर पश्चिमी क्षेत्र पशुपालन व दूध उत्पादन के लिये विख्यात रहा है। इस क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन के लिये दुधारू पशु पाले जाते है जिनमें गायों (देशी एवं संकर नस्ल) व भैसों की मुख्य भूमिका समय तक होती है। गर्मियों के मौसम में (मई व जून) में वायुमंडलीय तापमान 45 डिग्री से.ग्रे. से भी अधिक हो जाता है। ऐसे मौसम दुधारू पशुओं पर अपना अत्यधिक दुष्प्रभाव डालता है। जिसे पशुपालक अपने पशुओं में होने वाले व्यवहार के बदलाव से जान सकते है।

## गर्मियों में पशुओं का उचित रखरखाव

ग्रीष्म ऋतु में दुधारू पशुओं में होने वाले उन दुष्प्रभावों को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय करना पशुओं के उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बनाए रखने में मदद करता है –

## उचित आवास होना अति आवश्यक

आवास साफ–सुथरी व हवादार होना चाहिए, जिसका फर्श पक्का व फिसलन रहित हो तथा मूत्र व पानी की निकासी हेतु ढलान हो।

● पशुगृह की छत उष्मा की कुचालक हो ताकि गर्मियों में अत्यधिक गरम न हो। इसके लिये एस्बेस्टस शीट उपयोग में लाई जा सकती हैं अधिक गर्मी के दिनों में छत पर 4–6 इंच मोटी घांसफूस की परत या छप्पर डाल देना चाहिये। ये परत उष्मा अवशोषक का कार्य करती है जिसके कारण पशु पशुशाला के अंदर का तापमान उचित बना रहता है।

● पशुशाला की छत की ऊंचाई से कम 10 फुट ऊंची होनी चाहिए ताकि हवा का समुचित संचार पशुगृह में हो सके तथा छत की तपन से भी पशु बच सके।

● पशुशाला में खिड़किया व दरवाजों व अन्य खुली जगहों पर जहां से तेज गरम हवा आती हो बोरी या टाट आदि टांग कर पानी का छिड़काव कर देना चाहिए।

● पशुशाला में पशुओं की संख्या अत्यधिक नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक पशु को उसकी आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराएं। मुक्त हर व्यवस्था में गाय व भैसों को क्रमश: 3.5 व 4.0 वर्ग मीटर स्थान ढका हुआ तथा 7 से 8 वर्ग मीटर खुले स्थान बाड़े के रूप में प्रति पशु उपलब्ध होना चाहिए।

● पशुओं को नहलाने का उचित प्रबंध होना चाहिए– पशुओं के शरीर पर दिन में 2 या तीन



बार ठंडे पानी का छिड़काव करें। यदि संभव हो तो तालाब में बैसों को नहलाएं। प्रयोगों से यह साबित हुआ है कि दोपहर को पशुओं पर ठंडे पानी का छिड़काव उनके उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है।

● पशुओं को पीने की ठंडे पानी उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिये पानी की टैंक पर छाया की व्यवस्था करना अति आवश्यक होता है।

● पशुशाला के आसपास छायादार वृक्षों का होना अति आवश्यक है यह वृक्ष पशुओं को छाया तो प्रदान करते हैं साथ ही पशुओं को गरम लू से भी बचाते हैं।

अत: पशुपालकों को गर्मियों में पशुओं की सुरक्षा हेतु कुछ विशेष बतों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे –

● पशुओं को पीने के लिए ठंडा व ताजा जल उपलब्ध करायें।

● पशुओं को आहार में हरा चारा अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध करायें।

● तेज गर्मी के दिनों में पशुओं को ठंडे पानी से नहलायें।

● पशुओं को लू से बचाने हेतु पशुशाला से आसपास छायादार वृक्ष लगावें।

● पशुशाला में प्रत्येक पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्थान उपलब्ध करायें।

● पशुशाला की छत की ऊंचाई अधिक से अधिक हो।

● पशुशाला में पशुओं को गर्मी से बचाने हेतु पंखे लगवायें तथा दरवाजों पर खिड़कियों पर खस व टाट लगाकर उन पर पानी का छिड़काव करें। इससे पशुशाला का तापमान सामान्य बना रहता है।

उपरोक्त बातों को ध्यान रखकर पशुपालक अगर अपने दुधारू पशुओं का प्रबंध करेंगे तो गर्मियों में भी अपने पशुओं के उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बनाए रखकर डेयरी व्यवसाय के द्वारा अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं।

## गर्मियों में दुधारू पशुओं पर पड़ने वाले मुख्य दुष्प्रभाव

### पशुओं की श्वसन क्रिया में वृद्धि होना

गर्मियों में शरीर की उष्मा को निकालने के लिये पशु अपने शरीर से पानी को पसीने के रूप से वाष्पीकरण करता है। पानी को शरीर से वाष्पित करने के लिये पशु के शरीर से उष्मा लेनी पड़ती है तथा पशु पसीने को शरीर से वाष्पीत होने पर राहत महसूस करता है। गर्मियों में पशु अपनी श्वसन क्रिया को बढ़ाकर पानी की वाष्पीकरण क्रिया को बढ़ा देते है इन सबके कारण पशुओं में पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है।

### पशु सूखा चारा खाना कम कर देते हैं

गर्मियों में जल वायुमंडलीय तापमान पशुओं के शारीरिक तापमान से अधिक हो जाता है तो पशु सूखा चारा खाना कम कर देते है क्योंकि सूखा चारा को पचाने में शरीर में उष्मा का अधिक मात्रा में निकलता है ये क्रम चारा खाना उनकी दुग्ध क्षमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है।

### दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन में कमी होना-

गर्मियों के मौसम में दुधारू पशुओं हेतु चारे की उपलब्धता व गुणवत्ता में कमी हो जाती है जिसका दुष्प्रभाव दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन की क्षमता में कमी हो जाना है।

### प्रजनन क्रिया क्षीण मंद हो जाना-

इस मौसम में भैसों व संकर नस्ल गायों की प्रजनन क्षमता मंद हो जाती है तथा मदचक्र लम्बा हो जाता है एवं मद अवस्था का काल व उग्रता दोनों बढ़ जाती है। जिसके कारण पशुओं में गर्भधारण की संभावना काफी घट जाती है जो कि दुग्ध उत्पादन पर सीधा प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

### पशुओं को लू लगने का डर बना रहता है -

अत्यधिक गर्मी में पशुओं को लू लगने के कारण पशु बीमार पड़ जाते हैं जिससे उनके दुग्ध उत्पादन में तो काफी कमी आती है साथ ही बीमार पशु की उचित देखभाल न होने के कारण उसकी मृत्यु तक हो जाती है जिससे पशुपालक को काफी आर्थिक हानि होती है।

# गेहूं बीज उत्पादन तकनीक



## बीज स्त्रोत

आधार बीज तैयार करने के लिए प्रजनक या आधार बीज और प्रमाणित बीज उत्पादन के लिये आधार बीज किसी प्रमाणीकरण संस्था के मान्य स्त्रोत से प्राप्त किया जाता है। बोने से पूर्व बीज थैलों पर लगे लेबिल आदि से बीज की किस्म की शुद्धता की जांच कर लेनी चाहिये और लेबिल संभालकर रखना चाहिए।



## पृथक्करण दूरी

गेहूं एक स्व–परागित फसल हैं अत: गेहूं की सभी जातियों को आपस में अच्छे बीज उत्पादन हेतु 3 मीटर पृथक्करण दूरी अन्य जातियों से रखना चाहिए, लेकिन अनावृत कंड रोग से बचाव के लिये न्यूनतम पृथक्करण दूरी 150 मीटर



रखी जाती हैं।

## बीजोपचार

2.5–3 ग्राम थायरम दवा से प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित करना चाहिए। लूज स्मट की रोकथाम के लिए वीटावैक्स 2.5 ग्राम/किलोग्राम बीज उपचारित करना चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

खरपतवार वे अवान्छित पौधे होते हैं जो कि वहां उगते हैं जहां इनकी आवश्यकता नहीं होती है। खरपतवार आर्थिक दृष्टि से हानिकारक होते हैं जो फ्सलों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। इनके कारण उपज व गुणवत्ता प्रभावित होती है।

## अवांछनीय पौधों को निकलना

सभी भिन्न पौधों (दूसरी किस्मों, अन्य फसलों व खरपतवारों) व कंडुआग्रस्त पौधों को उनमे बाली निकलने के समय पहचानकर निकाल देना चाहिए। पौधों को जड़ सहित निकाला जाता है और कंडुआग्रस्त पौधों को बालियों पर पहले लिफाफा ढंककर लिफाफे के निचले हिस्से को मुट्ठी से बंद करने के बाद उखाड़ना चाहिये, जिससे उखाड़ते समय बीजाणु खेत में न गिरे। बाद में गड्ढों में दबा या जला देना चाहिये। शेष बचे रहे पौधों को पकने के समय दोबारा निकाल देना चाहिए।



## संसाधन व भण्डारण

कटाई व गहाई के बाद बीज को अच्छी तरह सुखाकर साफ कर लेना चाहिये। बीज भरने में प्रयुक्त होने वाले बोरों को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये। बीजों के विक्रय तथा बुवाई के समय तक उसकी अंकुरण क्षमता एवं गुणवत्ता को कायम रखना ही भण्डारण का उद्देश्य होता है। अनाज का उचित भण्डारण नही करने से कुल पैदावार का लगभग 10 से 12 प्रतिशत नुकसान कीड़े, चूहे व अन्य जीव जन्तु द्वारा होता है। फसल की कटाई के साथ ही इस व्यवस्था की शुरूआत होने लगती है। भण्डारण के लिए गेहूं बीज में नमी की मात्रा (अधिकतम) 10.12: होनी चाहिए। बीज भण्डारण के लिये गोदाम ऊँचे स्थान पर होना चाहिये, जिसका फर्श कंकरीट का बना हो, दीवारों में दरारे न हो व नमी से सुरक्षित व स्वच्छ होना चाहिये। बोरों को लकड़ी के लट्ठों पर अलग–अलग रखना चाहिये, जिससे एक ढेर से दूसरे ढेर की दूरी कम से कम आधा मीटर हो। इसके बाद 15–15 दिन के अंतराल पर गोदाम का निरीक्षण करते रहना चाहिये।

## कटाई व गहाई

बीज फसल की कटाई के समय बीज में नमी की मात्रा 15: से अधिक नहीं होना चाहिये। अत: कटाई से पूर्व नमी की मात्रा की जांच कर लेना चाहिये। बीज फसल की विभिन्न किस्मों की गहाई अलग खलिहान में करनी चाहिये, जिससे अपमिश्रण न होने पाये। गहाई, बीज में नमी की मात्रा 14 प्रतिशत से कम होने पर करनी चाहिये। गहाई से पूर्व गहाई यंत्र को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये, जिससे उसमें पहले की गई किस्म के दाने न रह गये हों।



## जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर




**जयपुर।** आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं। इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा. जयपुर में आईपीएल को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर विवाद चल रहा था जो अब खत्म हुआ हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने जयपुर में इस बार खेल परिषद को आईपीएल मैच करवाने की जिम्मेदारी दी है पर ये भी साफ किया है कि अंतिम बार स्पोर्ट्स काउंसिल को यह जिम्मेदारी दी गई है, अगले साल से ऐसा नहीं होगा। साथ ही चेताया है कि अगर क्रिकेट संघ में स्थिति नहीं सुधरती है तो अगले साल जयपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं होगा।

# गंभीर को लेकर क्या बोले शाहरुख

**मुम्बई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा है टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। इसलिए उन्हें कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं। गंभीर साल 2017 में टीम छोड़कर चले गये थे पर इसके बाद उन्होंने कोच के तौर पर वापसी करते हुए 2024 में केकेआर को जीत दिलायी। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। शाहरुख ने कहा, "मैंने इस बीच कभी नहीं सोचा था कि गंभीर हमें छोड़कर चले गए हैं। गंभीर के साथ वर्षों से हमेशा एक प्यारा रिश्ता रहा है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके साथ दोस्ती मजबूत बनी हुई है और गौतम गंभीर उनमें से एक हैं। उनके लिए यह एक बड़ी घर वापसी थी। गंभीर को साल 2024 के अंत में भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया और वह एक बार फिर केकेआर से अलग हो गये। वहीं केकेआर के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि साल 2017 में गंभीर के फ्रेंचाइज से जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी पड़ा। उसी दिशा पर भी प्रभाव पड़ा। आप हमेशा केकेआर से उच्च स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, और जब प्रदर्शन टीम के आभा से मेल नहीं खाता, तो यह स्पष्ट हो गया कि कुछ बदलना होगा। उथप्पा ने कहा, जैसे ही मैंने सुना



कि गंभीर वापस आ रहे हैं, मुझे याद है कि मैंने ट्वीट किया था कि ये सबसे अच्छी बात यह है। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कहा, "केकेआर और सौरव गांगुली के बीच संबंध, चाहे प्रशंसकों के साथ हों या टीम के भीतर, अच्छे परिणाम नहीं दे रहे थे। इसलिए, 2011 में, एक बड़े बदलाव की योजना बनाई गई। 2011 से पहले, केकेआर को सौरव गांगुली की टीम के रूप में देखा जाता था पर उसके बाद ये गंभीर के नेतृत्व में शाहरुख की टीम बन गई।" आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले, केकेआर ने अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को उप कप्तान नियुक्त किया है। केकेआर ने जब रहाणे को टीम में शामिल किया तो यह लगभग तय था कि वह टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि मेगा नीलामी में 23.75 करोड़ रुपये में सबसे महंगे खरीदे गए वेंकेटश अय्यर और रिंकू सिंह के नाम चर्चा में थे। रहाणे की कप्तानी में हाल ही में मुम्बई ने मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

## एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप का अभिष्य नहीं : मोईन अली

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं।'' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत



आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने का विकल्प उपलब्ध रहता है।'' मोईन ने कहा कि जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी क्रिकेट मोटी रकम देकर लुभा रहा है उससे अधिक से अधिक खिलाड़ी अब संन्यास लेकर इस प्रारुप में खेलते दिखेंगे।

## 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं प्रवीण

**विजयनगर।** एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें। प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है। इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस



वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

## जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें। यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।



'' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था!



# सिम्फनी लिमिटेड का कूलिंग समाधानों में नए माडलों को प्रदर्शित करने के लिए सफल डीलर मीट

वर्ल्ड वाइज न्यूज


**धनबाद।** धनबाद शहर के वेडिंग बेल्स होटल में सिम्फनी लिमिटेड ने एक प्रतिष्ठित डीलर मीट का आयोजन किया गया। इसमें धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से कई प्रमुख व्यापार भागीदार एक साथ आए। इस कार्यक्रम की अगुवाई सिम्फनी लिमिटेड के रीजनल मैनेजर दिग्विजय सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और एक प्रेरणादायक और आकर्षक अवसर की शुरुआत की। उपस्थित लोगों को सिम्फनी के अत्याधुनिक कूलिंग समाधानों की नवीनतम श्रृंखला से परिचित कराया गया। इसमें साइलेंजो, मैक्सविंड, आर्कटिक सर्कल और एयर फ़ोर्स सीरीज़ शामिल हैं। ये



अत्याधुनिक एयर कूलर कंपनी के जोनल हेड संजय कुमार पाठक ने कहा कि आज की तेज गति वाली दुनिया में जहां शांति एक विलासिता है, हमारे उत्पादों की नवीनतम रेंज न केवल आपके आस-पास के वातावरण को ठंडा करती है, बल्कि मन की शांति भी लाती है। यह कार्यक्रम सिम्फनी की अपने व्यापार भागीदारों के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। कंपनी के मनोज कुमार रीजनल सर्विस हेड ने कहा कि सिम्फनी में हम अपने व्यापार भागीदारों को अपने विस्तारित परिवार का अभिन्न अंग मानते हैं। यह कार्यक्रम इन संबंधों को मजबूत करने और आने वाले वर्षों में दीर्घकालिक, पारस्परिक रूप से पुरस्कृत साझेदारी के लिए हमारे दृष्टिकोण की पुष्टि करने का हमारा तरीका है। अतः सिम्फनी की अभिनव पेशकशों और भविष्य के लिए इसके दृष्टिकोण के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। इस सफल डीलर्स मीट के साथ, सिम्फनी लिमिटेड कूलिंग समाधानों और उससे आगे के क्षेत्रों में उद्योग नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त करना जारी रखे हुए है। कार्यक्रम का समापन शानदार तरीके से हुआ। मौके पर सिंफनी के उच्च व्यापारी सतीश कुमार सिंह, राजेश अग्रवाल, मुकेश कुमार, किशोरी मोहन, अरुण बंका, राजीव, कंपनी के एरिया इंचार्ज सूर्य प्रताप निभाष, हरि लाल आदि मौजूद थे।

## शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च

**नई दिल्ली।** अल्ट्रावॉयलेट कंपनी ने टेसेरैक्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल भी लॉन्च की है। मोटरसाइकिल की तरह, स्कूटर के लिए भी 999 रुपये में प्री-बुकिंग शुरू हो गई है और इसकी डिलीवरी 2026 की शुरुआत में शुरू होगी। शॉकवेव की कीमत पहले 1,000 ग्राहकों के लिए 1.50 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। उसके बाद, कीमत बढ़कर 1.75 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो जाएगी। शॉकवेव अल्ट्रावॉयलेट के लाइट मोटरसाइकिल प्लेटफॉर्म में प्रवेश का प्रतीक है। कंपनी दो और इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बेचती है - एफ77 सुपरस्ट्रीट और एफ77 मैक 2। शॉकवेव की 14.5बीएचपी मोटर 3.5केडब्ल्यूएच बैटरी से जुड़ी है। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के पिछले पहिये पर 505 एनएम का टॉर्क होने का दावा किया गया है। इसका वजन 120 किलोग्राम है। दावा किया जाता है कि शॉकवेव एक बार फुल चार्ज होने पर 165




किलोमीटर (आईडीसी) की रेंज देता है। यह महज 2.9 सेकंड में 0 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है, जबकि इसकी अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटे बताई जाती है। शॉकवेव में डुअल एलईडी हेडलैंप, चार ट्रैक्शन कंट्रोल मोड, स्विचेबल डुअल-चैनल एबीएस और रीजन के छह लेवल जैसे फीचर्स हैं। आगे (19-इंच) और पीछे (17-इंच) स्पोक व्हील हैं। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल दो रंगों में उपलब्ध है - कॉस्मिक ब्लैक और फ्रॉस्ट व्हाइट। अल्ट्रावॉयलेट के अनुसार, शॉकवेव की बैटरी सुपरनोवा के साथ 30 मिनट से भी कम समय में और बूस्ट चार्जर के साथ 50 मिनट में 20-80 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती है।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट


**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोना आज 510 रुपये से लेकर 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये से लेकर 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,400 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम



दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## नई बाइक हीरो एक्सट्रीम 125आर मचाएगी धमाल

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की नई बाइक हीरो एक्सट्रीम 125आर आपके लिए एक बढ़िया विकल्प हो सकती है। हीरो एक्सट्रीम 125आर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 95,000 रुपये रखी गई है। यह 125सीसी सेगमेंट की पहली बाइक है जिसमें डिस्क ब्रेक के साथ सिंगल चैनल एबीएस दिया गया है। यह बाइक 125सीसी सेगमेंट में स्टाइल और परफॉर्मेंस का जबरदस्त कॉम्बिनेशन पेश कर रही है। कंपनी ने इसे टीवीएस राइडर 125 और बजाज पल्सर 125 जैसी बाइक्स को टक्कर देने के लिए लॉन्च किया है। सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए इसके सस्ते वेरिएंट में इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम (आईबीएस) का फीचर भी जोड़ा गया है, जबकि टॉप मॉडल में डिस्क ब्रेक के साथ एबीएस दिया गया है। बाइक के डिजाइन की बात करें तो इसका पूरा



लुक मस्कुलर और शार्प है। इसमें एलईडी हेडलाइट, टेल लाइट और डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाते हैं। हीरो एक्सट्रीम 125आर तीन कलर ऑप्शन में उपलब्ध है और इसके एलईडी ब्लिंकर इसे और भी प्रीमियम फील देते हैं। शानदार परफॉर्मेंस और दमदार लुक्स के चलते यह बाइक जल्द ही युवाओं की पहली पसंद बन सकती है। सस्पेंशन के लिए फ्रंट में टेलीस्कोपिक फोर्क और रियर में शोवा का मोनोशॉक सस्पेंशन दिया गया है। बाइक में नए डिजाइन के अलॉय व्हील्स और टायर हगर भी जोड़ा गया है, जो इसे एक स्पोर्टी अपील देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 15 जिलों से चलेंगी 60 होली स्पेशल ट्रेनें, रोजाना 2 लाख लोग करेंगे सफर

**पटना।** 13 मार्च तक बिहार लौटने वाली ट्रेनें फुल हो चुकी हैं। ऐसी सूरत में होली पर घर आने वाले पैसेंजर्स के लिए रेलवे ने बड़ी सहूलियत दी है। पटना,भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया, सीतामढ़ी, जोगबनी, जयनगर, सहरसा, दरभंगा सहित बिहार के 15 जिलों से देश के अलग शहरों के लिए 60 होली स्पेशल ट्रेन चलाई गई हैं। इसमें नई-दिल्ली-पटना वंदे भारत सहित 26 होली स्पेशल ट्रेनें पटना को मिलीं हैं। बिहार में 60 होली स्पेशल ट्रेन से करीब हर दिन 2 लाख से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। होली स्पेशल ट्रेनों में सीट उपलब्ध है। राजधानी,संपूर्ण क्रांति, विभूति, जनशताब्दी, विक्रम शिला सहित रेगुलर ट्रेनों में सीटें फुल हैं। नई दिल्ली-पटना,पटना-पुरी स्पेशल सहित पटना से देश के विभिन्न बड़े शहरों के लिए 30 होली स्पेशल ट्रेनों को शुरू किया गया है। इसमें हर दिन 50 हजार से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। वंदे भारत ट्रेन में आने-जाने दोनों समय आसानी से कंफर्म टिकट उपलब्ध है। तेजस राजधानी, अनन्या, विभूति, पूर्वा, विक्रम शिला, संपूर्ण क्रांति, संघमित्रा, सीमांचल, गरीब रथ, पूर्वा एक्सप्रेस सहित एक दर्जन से अधिक ट्रेनों में सीटे फुल है। इसी तरह हावड़ा रूट पर जनशताब्दी एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस,दूरंतो एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में 10 अप्रैल तक सीट उपलब्ध नहीं है। ट्रेन के अलावा पटना आने के लिए फ्लाइट भी उपलब्ध है। कोलकाता, भुवनेश्वर, चेन्नई, गुवाहाटी, लखनऊ, चंडीगढ़, मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली और गोवा से पटना के लिए डायरेक्ट फ्लाइट है। लेकिन, मिनिमम 25% से मैक्सिमम 60% तक फ्लाइट का किराया बढ़ा हुआ है। आने वाले दिनों में ये किराया और बढ़ने की संभावना है।



### वैशाली में हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कर्मी की मौत, चाचा के नए मकान में फांसी से लटका मिला शव, मानसिक रोग से था पीड़ित

**हाजीपुर।** वैशाली में चाचा के नवनिर्मित मकान में फांसी के फंदे से युवक का शव लटका मिला है। घटना बराटी थाना क्षेत्र के काशीपुर चकबीबी की है। मृतक की पहचान वार्ड नंबर 11 निवासी बालेश्वर ठाकुर के बेटे कुंदन कुमार(32) के रूप में हुई है। पिता बालेश्वर ठाकुर ने बताया कि कुंदन तीन भाइयों में सबसे छोटे था। हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी में करीमगंज असम में कार्यरत था। दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि कुंदन मानसिक रोग से पीड़ित था। पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। 13 दिन पहले ही घर आया था। घटना की सूचना मिलते ही बराटी थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक इन्वेस्टिगेशन टीम को बुलाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। परिवार से लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### सड़क हादसे में SI की मौत



**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर गोरौल थाना क्षेत्र के पास बेतिया के भगहा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के चिकसौरा योगीपुर मलवान निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि वह बेतिया में अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और उनके बाइक में आग लग गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत गोरौल थाना पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। वहीं घायल SI को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वैशाली में करंट से मां-बेटी की मौत, कपड़ा सुखाने गई थी पुत्री, छत से गुजर रहे तार के संपर्क में आयी

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के माइल पकड़ी गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रियंका कुमारी (18) और उनकी मां संगीता देवी (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना उस समय हुई जब प्रियंका स्नान के बाद गीले कपड़े सुखाने गई थी। बिजली के खंभे से लटक रहे नंगे तार से वह स्पर्श कर गई। जब लोगों ने शोर मचाया तो खाना बना रही संगीता देवी बेटी को बचाने दौड़ी। बेटी को बचाने के प्रयास में वह भी करंट की चपेट में आ गईं। परिजन तुरंत दोनों को सदर अस्पताल हाजीपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रियंका बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह तीन बहनों और दो भाइयों में दूसरे नंबर की संतान थी। मृतका के पति अनिल चौधरी मजदूरी करते हैं। उनके पांच बच्चों में से किसी की भी अभी शादी नहीं हुई है और सभी पढ़ाई कर रहे हैं। बिदुपुर थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पेड़ से टकराई बाइक, छात्र की मौत, होली मनाने सिलीगुड़ी से घर आया था

**हाजीपुर।** वैशाली के बाराटी थाना शनिवार शाम को तितरा कंसारा पोखर के पास बाइक सवार युवक की पेड़ से टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बिदुपुर स्टेशन निवासी ओमप्रकाश केसरी के पुत्र अनिक कुमार के रूप में हुई है। अनिक सिलीगुड़ी में रहकर पढ़ाई करता था और होली की छुट्टियों में घर आया था। दुर्घटना उस समय हुई जब वह बिदुपुर से भुइया स्थान रोड की तरफ जा रहा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 और बाराटी थानाध्यक्ष को सूचना दी। पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ता कल्लू कुमार के सहयोग से घायल अनिक को सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के परिजन कल्लू कुमार ने बताया कि शुरू में सूचना मिली थी कि किसी अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी है। घटनास्थल से अस्पताल ले जाते समय पासवान चौक पर लगे जाम में करीब 40 मिनट तक फंसे रहे। घटना की खबर मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी रो-रोकर बुरी हालत है।

# 3 गाड़ियों की टक्कर में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर की मौत

## मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन पर हुई टक्कर, एयरबैग की वजह से ड्राइवर की बची जिंदगी

**एजेंसी, पटना**





बिहार के मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन पर चंदा गांव के पास तीन वाहनों की भीषण टक्कर में एक चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेगूसराय निवासी डॉ. बालमुकुंद झा (48) के रूप में हुई है। उन्होने ढाई महीने पहले दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी की डेंगू से 2023 में मौत हो गई थी। डॉ. झा बेगूसराय में सरोजनी हेल्थ एंड रिसर्च सेंटर हॉस्पिटल चलाते थे। वह पटना से बेगूसराय लौट रहे थे। दुर्घटना में उनके चालक संतोष कुमार को एयरबैग खुलने से मामूली चोटें आईं।


**सबसे पहले साइड से मारी टक्करः** ड्राइवर संतोष कुमार ने बताया कि एक बेकाबू वाहन ने उनकी गाड़ी को साइड से टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद उनकी गाड़ी सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी से भी टकरा गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गयाः** घायल डॉक्टर को बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अन्य वाहनों में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कर रही है।

**ढाई महीने पहले दूसरी शादी की थीः** डॉक्टर बालमुकुंद झा बेगूसराय के चर्चित डॉक्टर थे। उनकी पत्नी डॉक्टर अमृता स्त्री रोग विशेषज्ञ थी, सरोजिनी हेल्थ केयर के नाम से उनका हॉस्पिटल है। 2023 में दीपावली के दिन डॉक्टर अमृता की डेंगू से मौत हो गई थी। बच्चों में तीन लड़की है। डॉक्टर अमृता की मौत के बाद डॉक्टर बालमुकुंद ने करीब ढाई महीने पहले दूसरी शादी की थी।

## बिहार में 108 पुलिस अफसरों का तबादला, गृह विभाग ने जारी की लिस्ट

**एजेंसी, पटना**



बिहार सरकार ने राज्य के पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। बिहार पुलिस सेवा के 108 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इसको लेकर गृह विभाग रविवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

**कनिष्क श्रीवास्तव को भागलपुर भेजा गयाः** तबादले की सूची में विशेष शाखा, अपराध शाखा, साइबर क्राइम और एसटीएफ से जुड़े कई अधिकारियों के नाम शामिल हैं। अभिनव पाराशर को विशेष शाखा पटना से हटाकर मोतिहारी क्राइम ब्रांच का उपाधीक्षक बनाया गया है। वहीं, कनिष्क श्रीवास्तव को स्पेशल ब्रांच पटना से हटाकर भागलपुर साइबर क्राइम का डीएसपी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, निशांत गौरव को भी विशेष शाखा से हटाकर एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) में डीएसपी के पद पर भेजा गया है। यह फेरबदल कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया गया है।

◆ कनिष्क श्रीवास्तव को स्पेशल ब्रांच पटना से भागलपुर भेजा गया

**नई जगहों पर जल्द पदभार लेना होगाः** बिहार पुलिस में यह फेरबदल अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अधिक चुस्त-दुरुस्त करने के लिए किया गया है। इन तबादलों के बाद संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार के इस कदम से पुलिस प्रशासनिक ढांचे में सुधार की उम्मीद की जा रही है। आने वाले दिनों में और भी बदलाव हो सकते हैं, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

## बाढ़ में होली से पहले हथियार तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**



बिहार के बाढ़ अनुमंडल में पुलिस ने होली से पहले हथियारों की तस्करी का प्रयास नाकाम कर दिया है। पंचमहला थाना क्षेत्र के जंजीरा दियारा से पुलिस ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। एएसपी-1 राकेश कुमार के नेतृत्व में चल रहे होली विशेष अभियान के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार जंजीरा दियारा में कुछ लोग हथियारों की खरीद-बिक्री करने आए थे। एएसपी ने तुरंत एक टीम गठित कर मौके पर छापेमारी की।

**पुलिस को देख कर भागने लगा थाः** छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान खगड़िया जिले के महेशखुट निवासी लक्ष्मण कुमार के रूप में हुई। उसके पास से दो देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और तीन मिस फायर कारतूस बरामद किए गए।

पूछताछ में आरोपी ने हथियार बेचने वाले का नाम बताया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## 6 हरियाणा, 1 दिल्ली और 1 जमुई का चोर गिरफ्तार 15 लाख का सामान भी मिला, रेल पुलिस ने दबोचा

**एजेंसी, पटना**



रेल पुलिस पटना ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह को पकड़ा है। इनके पास से करीब 15 लाख का सामान बरामद हुआ है। इसमें 8 मोबाइल, 25000 रुपए नगद, सोना 104 ग्राम, चांदी 400 ग्राम, गांजा 7 किलो शामिल है। इसकी पुष्टि रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने की है। पकड़े गए चोरों में 6 हरियाणा, 1 दिल्ली और 1 जमुई का है। उन्होंने बताया कि रेल पुलिस को सूचना मिली कि पूर्व का एक चोर गिरोह दोबारा से पटना जंक्शन पर सक्रिय हो गया है। इसके आधार पर पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के थानेदार राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में 12 लोगों की टीम बनाई गई और कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 4 से 8 अभियुक्त पकड़े गए। चोरी की फिराक में वहां जमा हुए थे।

**लड़की पक्ष को करते थे टारगेटः** रेल एसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद अक्सर यह गिरोह अपना ठिकाना बदल लेता था।

आज जिस रेल खंड में घटना को अंजाम देता था, वहां अगले दिन दोबारा से नहीं देता था। होटल में सब ठहरते थे और सामान को ऐसे छिपाते थे कि छापेमारी में भी नहीं पकड़े जाए। अपनी पहचान को यह सभी अभियुक्त गोपनीय रखते थे। खासकर के ट्रेनों में शादी ब्याह वाले लड़की पक्ष के यात्रियों को निशाना बनाते थे। उनके सामान और सूटकेस पर इनकी नजर होती थी। गेट पर पैसेंजर उतर रहे होते थे, उस वक्त उनके सामान को चंपत करते थे। पकड़े गए चोरों में से 6 हरियाणा, 1 दिल्ली और एक जमुई बिहार का शामिल है।

## कंस्ट्रक्शन कंपनी सिंगला के ऑफिस पर जीएसटी इंटेलिजेंस का छापा

**एजेंसी, पटना**




पटना और मोकामा में कंस्ट्रक्शन कंपनी एसपी सिंगला के ऑफिस पर जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने छापेमारी की है। टैक्स चोरी के आरोप में शनिवार को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक रेड चली। इस दौरान कंपनी के डॉक्यूमेंट्स और स्टोर की जांच की गई।

**रेड में टैक्स चोरी का चला पताः** टीम को जानकारी मिली थी कि कंपनी ने कर चोरी की है। सत्यापन के बाद सेंट्रल जीएसटी महानिदेशालय की टीम ने पटना में बोरिंग रोड स्थित पुष्पांजलि पैलेस स्थित कार्यालय और हथिदह में औंता-सिमरिया गंगा ब्रिज के ऑफिस पर एक साथ छापेमारी की। रेड में टैक्स चोरी की जानकारी सामने आई है। जीएसटी टीम की छापेमारी के दौरान कंपनी के सभी अधिकारी और कर्मचारी ताला लगाकर फरार हो गए। मोकामा में सिंगला कंपनी सिक्स लेन ब्रिज निर्माण और राजेंद्र सेतु मरम्मत का काम कर रही है। छापेमारी के समय सुरक्षा गार्ड ने बताया कि किसी विभाग ने छापा मारा है, लेकिन कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी वहां से चले गए थे।

**पटना में 2 ठिकानों पर चार घंटे तक चली रेड, मोबाइल और डॉक्यूमेंट्स जब्त**

**मोबाइल और दस्तावेजों की जांच कीः** छापेमारी के दौरान कई मोबाइल जब्त किए गए। कंपनी के दस्तावेजों की जांच की गई। करीब चार घंटे तक दोनों ठिकानों पर छापेमारी हुई। इससे पहले पिछले साल ईडी ने 19 जुलाई को इसी कंपनी के पटना से लेकर दिल्ली तक छापेमारी की थी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में यह छापेमारी पटना, हरियाणा के पंचकूला समेत कई शहरों में हुई थी।

## महिलाओं ने फूलों और हर्बल अबीर से खेली होली, महिलाओं ने लगाए ठुमके

**एजेंसी, पटना**

**भूमिहार महिला समाज का होली मिलन समारोह**



पटना के दानापुर में रविवार को भूमिहार महिला समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

**महिलाओं ने लगाए ठुमकेः** कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की भूमिका में कृति और पीहू ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। किंग ऑफ डांस के बच्चों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। होली के पारंपरिक गीतों जैसे 'गोरिया कर के श्रृंगार', 'योगी जी वाह योगी जी' और 'बलम पिचकारी' पर महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाए। महिलाओं ने फूल और हर्बल अबीर से होली खेली। कार्यक्रम में पुआ-पकवान सहित विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया गया। फन गेम्स का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**समाज को एकजुट करने की कोशिशः** भूमिहार महिला समाज की फाउंडर प्रीति प्रिया ने बताया कि यह कार्यक्रम भूमिहार समाज को एकजुट कर सेवा भाव से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष होली से पहले रंग धनक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम अब केवल पटना में ही नहीं, बल्कि देश के सोलह शहरों में मनाया जा रहा है। होली एक-दूसरे से मिलने और प्यार-सद्भावना बढ़ाने का त्योहार है।

## पटना में तालाब से एक व्यक्ति का मिला शव

**एजेंसी, पटना**



पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव तालाब में मिला है। मृतक रमेश उर्फ मिश्री मोची(45) दो दिन से लापता था। घटना कल्यापुर गांव की है। मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पानी से बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मृतक के बेटे शंकर मोची ने बताया कि पिताजी दो दिन से लापता थे। काम के सिलसिले में शुक्रवार को घर से बाहर निकले थे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। आज रविवार को उनका शव गांव के बाहर तालाब में मिला है। किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

◆ 2 दिन से लापता था, बेटा बोला- किसी से दुश्मनी नहीं थी, पानी में डूबने से मौत की आशंका

**आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगीः** वहीं, थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया ने ग्रामीणों से घटना की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में पानी में डूबने से मौत का मामला लग रहा है। पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। आवेदन मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

## तेजस्वी बोले, 'नीतीश का सम्राट चौधरी-विजय सिन्हा का पैर पकड़ना बाकी'

**एजेंसी, पटना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार पर तंज कहा है। तेजस्वी ने कहा, 'बिहार NDA से चल नहीं रहा है। बीजेपी को तो छोड़िए, NDA के पास कोई चेहरा नहीं है। नीतीश कुमार अचेत अवस्था में चले गए हैं। उनकी भाषा दिन-प्रतिदिन गिरती जा रही है।' 'कब किसका पैर पकड़ लेगें, किसी को नहीं पता। अब सिर्फ सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा का पैर पकड़ना बाकी रह गया है।' तेजस्वी ने कहा, 'सीएम किसी का पैर पकड़ते हैं ये शोभा नहीं देता है। कोई भी मुख्यमंत्री एक राज्य का लीडर होता है। पद की गरिमा होती है। कभी किसी अधिकारी के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते हैं। इन्होंने सिर्फ बीजेपी के लोगों का ही अब तक पैर पकड़ा है। बिहार सरकार खटारा सिस्टम, नकारा और सीएम थका हारा।'



**राजद दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे तेजस्वी यादवः** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रविवार को सरकारी नौकरियों में 65 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर राजद दफ्तर के बाहर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। धरना प्रदर्शन को लेकर पार्टी कार्यालय के बाहर मंच पर पोस्टर लगाया गया है। इस पोस्टर लालू-राबड़ी और मीसा भारती की तस्वीर थी, लेकिन तेजप्रताप यादव की तस्वीर नहीं लगाई गई थी।

**तेजस्वी बोले- नीतीश कुमार आरक्षण खोर हो गएः** तेजस्वी ने कहा कि, 'बिहार सरकार की ओर से आरक्षण खत्म करने का काम किया गया। आज भी सरकार के वकील कोर्ट में लड़ाई नहीं लड़ रहे। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वकील खड़ा किया गया है। सदन, सड़क और कोर्ट तक हम लड़ाई लड़ रहे हैं। इससे साबित होता है कि बीजेपी के साथ नीतीश कुमार भी आरक्षण खोर हो गए हैं।'

**अचेत हो चुके हैं बिहार के सीएम, RJD के पोस्टर से तेजप्रताप आउट**

**तेजस्वी को सिर्फ अपने परिवार के लिए आरक्षण चाहिएः** पोस्टर में तेज प्रताप को जगह नहीं मिलने पर बीजेपी ने निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि चुनाव आते ही तेजस्वी को 65 % आरक्षण की याद आ गई। उनको सिर्फ अपने परिवार के लिए आरक्षण चाहिए। धरना के लिए मंच तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 45 लोगों पर मामला दर्ज किया

**कराची, एजेंसी।** तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कई कार्यकर्ता अहमदिया इबादत स्थल के बाहर एकत्र हुए और उन्हें धमकी दी कि वे शुक्रवार की नमाज अदा करना बंद कर दें, क्योंकि यह केवल मुसलमानों के लिए है। पाकिस्तान के दो अलग-अलग शहरों में अपने इबादत स्थलों पर नमाज अदा करने के लिए पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 45 से अधिक सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कराची में पुलिस ने कहा कि उसने 25 अहमदिया लोगों (जिनमें बच्चे भी शामिल हैं) को हिरासत में ले लिया है, क्योंकि बड़ी संख्या में कट्टरपंथी मुस्लिमों ने सुरजानी टाउन क्षेत्र में उनके इबादत स्थल को घेर लिया और शुक्रवार की नमाज अदा करने पर उनके खिलाफ नारे लगाए। पुलिस अधिकारी इरफान अली बलूच के अनुसार, तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कई कार्यकर्ता अहमदिया इबादत स्थल के बाहर एकत्र हुए और उन्हें धमकी दी कि वे शुक्रवार की नमाज अदा करना बंद कर दें, क्योंकि यह केवल मुसलमानों के लिए है।

### थाईलैंड में छात्र अपनी पसंद से हेयरस्टाइल रख सकेंगे, कोर्ट ने 50 साल पुराने नियम को खत्म किया

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के छात्रों को अब अपनी पसंद से हेयरस्टाइल रखने का अधिकार मिल गया है। सुप्रीम एडमिनिस्ट्रेटिव कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय के हेयरस्टाइल से जुड़े नियम को खत्म कर दिया है। नियम को 1975 में लागू किया गया था। इसके मुताबिक छात्रों को छोटे बाल रखने होते थे और दाढ़ी-मूंछ रखने की परमिशन नहीं थी। वहीं लड़कियों को कान से नीचे बाल बढ़ाने या मेकअप करने की अनुमति नहीं थी। 2020 में 23 छात्रों ने कोर्ट से इस नियम को खत्म करने की मांग की थी।

### 5 कोरियन महिलाओं से रेप, बेहोश कर करता था हैवानियत फिर बना लेता था वीडियो, कोर्ट ने सुनाई खौफनाक सजा

**सिडनी , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के एक नेता को कोरिया की पांच महिलाओं से बलात्कार करने के अपराध में 40 साल जेल की सजा सुनाई गई है और इसमें 30 वर्ष की अवधि के दौरान उसे कोई पैरोल नहीं मिलेगी। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई। ऑस्ट्रेलिया की 'डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने शुक्रवार को 43 वर्षीय बालेश धनखड़ को सजा सुनाई। 'ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि धनखड़ ने महिलाओं को लुभाने के लिए सिडनी स्थित घर पर नौकरी का फर्जी विज्ञपान जारी किया था। जब वे वहां पहुंचीं तो पूर्व आईटी सलाहकार ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की और उनसे बलात्कार किया। खबर में बताया गया कि आरोपी ने अपने इस कृत्य का वीडियो भी बनाया था। सभी महिलाओं की उम्र 21 से 27 वर्ष के बीच है और इस अपराध के दौरान वे बेहोश थीं या उनकी हालत काफी खराब थी।

### पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह का काठमांडू लौटने पर भव्य स्वागत की तैयारी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह दो महीने तक देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के बाद रविवार को पोखरा से काठमांडू लौट रहे हैं। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और अन्य समर्थक रविवार दोपहर को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। उनके स्वागत के लिए हजारों लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, स्थानीय प्रशासन ने काठमांडू हवाई अड्डे से लेकर पूर्व राजा के निवास स्थान निर्मल निवास तक सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। राजतंत्र समर्थक समूह 19 फरवरी से लोकतंत्र दिवस के बाद से काठमांडू समेत देश के विभिन्न हिस्सों में रैलियां निकाल रहे हैं और वे पूर्व राजा के पक्ष में और वर्तमान सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों से कहा- पाकिस्तान की यात्रा करने से पहले अच्छी तरह सोच लें

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के विदेश विभाग ने शुक्रवार को एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी किया है. इसमें अमेरिका ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से आगाह किया. ट्रैवल एडवाइजरी में कहा गया है कि आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की संभावना के जोखिम के कारण पाकिस्तान की यात्रा से पहले एक बार पुनर्विचार जरूर करें.विदेश विभाग के वाणिज्य दूतावास मामलों के ब्यूरो द्वारा जारी स्तर 3 यात्रा परामर्श में चेतावनी दी गई है कि आतंकवादी बिना किसी चेतावनी के परिवहन केंद्रों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, विश्वविद्यालयों, पर्यटक आकर्षणों, स्कूलों, अस्पतालों, पूजा स्थलों और सरकारी सुविधाओं को निशाना बनाकर हमला कर सकते हैं.

वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बनकर उभरा है. पहले चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर आने वाले इस देश में आतंकवाद से संबंधित मौतों में 45त्न की खतरनाक वृद्धि देखी गई, जिसमें



कुल हताहतों की संख्या 2023 में 748 से बढ़कर 2024 में 1,081 हो गई. यह वैश्विक स्तर पर सबसे तेज वृद्धि में से एक है.

इस बीच, आतंकवादी हमलों की संख्या 2023 में 517 से बढ़कर 2024 में 1,099 हो गई, जो सूचकांक की स्थापना के बाद से पहला वर्ष था जब हमलों ने 1,000 का आंकड़ा पार किया. इस सप्ताह की शुरुआत में, खैबर पख्तूनख्वा में बन्नू छावनी पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच सैनिक और 13 नागरिक शहीद हो गए, जिसमें सुरक्षा बलों ने शामिल सभी 16 आतंकवादियों को मार गिराया.

विदेश विभाग की ट्रैवल एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान का सुरक्षा वातावरण अस्थिर बना हुआ है. इसमें कहा गया है कि प्रमुख शहरों, विशेष रूप से इस्लामाबाद में अधिक सुरक्षा संसाधन और बुनियादी ढांचा है, और इन क्षेत्रों में सुरक्षा बल देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में किसी आपात स्थिति का अधिक तत्परता से जवाब देने में सक्षम हो सकते हैं.

इसके अलावा, अमेरिकी सरकार ने यह भी चेतावनी दी कि किसी विरोध प्रदर्शन के नजदीक होने पर पाकिस्तानी अधिकारी आपकी जांच कर सकते हैं. क्योंकि विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने और सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री पोस्ट करने के लिए (जिसमें पाकिस्तानी सरकार की आलोचना की गई थी) अमेरिकियों को हिरासत में लिया गया है, जिसे पाकिस्तानी सरकार की आलोचना माना जाता है.

यह देखते हुए कि देश में अमेरिकी सरकार के कर्मियों को कुछ हिस्सों में यात्रा के लिए सशस्त्र अनुरक्षकों और बख्तरबंद वाहनों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है. राज्य विभाग ने अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी कि ताजा समाचारों से अवगत रहने के लिए मीडिया पर नजर बनाये रखें. अमेरिकी एडवाइजरी में कहा गया है कि ऐसी निकासी योजनाएं बनाएं जो अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न हों. यात्रा दस्तावेजों को अपडेटेड और आसानी से सुलभ रखें. व्यापक चिकित्सा बीमा प्राप्त करें जिसमें चिकित्सा निकासी शामिल है.

एडवाइजरी में कहा गया है कि कि यात्रा करने से पहले स्थानीय कानूनों और शर्तों की समीक्षा करें.

## ईसाई धर्म में पोप फ्रांसिस का बजता है पूरी दुनिया में डंका

**रोम , एजेंसी।** पोप फ्रांसिस, जो कि ईसाई धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु हैं, को मासिक वेतन मिलने की परंपरा है। उनकी मासिक सैलरी 32,000 डॉलर (लगभग 26,52,480 रुपये) होती है, जो सालाना करीब 3,84,000 डॉलर (लगभग 31,82,97,600 रुपये) होती है। हालांकि, पोप फ्रांसिस ने साल 2013 में जब से पदभार संभाला है, तब से उन्होंने अपनी सैलरी लेने से इंकार कर दिया है। वह अपनी पूरी सैलरी जरूरतमंदों को दान कर देते हैं, जिसे विभिन्न चैरिटी कार्यों, अनाथ बच्चों की शिक्षा, गरीबों की मदद और चर्च के सहयोग में खर्च किया जाता है।

पोप फ्रांसिस के पास निजी संपत्ति का कोई बड़ा संग्रह नहीं है, क्योंकि उनकी पूरी संपत्ति उनके पद से संबंधित है, न कि व्यक्तिगत रूप से। रिपोर्ट्स के अनुसार, पोप की कुल संपत्ति लगभग 25 मिलियन डॉलर (करीब 207 करोड़ रुपये) है, जो उनके पद के साथ जुड़ी हुई है। इसमें उनके नाम पर पांच लग्जरी कारें, कई प्रॉपर्टी और अन्य मूल्यवान चीजें शामिल हैं। हालांकि, पोप खुद किसी भी उपहार या दान को अपने पास नहीं रखते हैं, और वे सभी चर्च के कामों के लिए दान कर देते हैं।

पोप के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये का डोनेशन और उपहार आते हैं, जो सीधे चर्च में जाते हैं। इनमें से सबसे बड़े दाता रोथ्सचाइल्ड परिवार हैं, हालांकि वे यहूदी हैं। इसके अलावा, विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष क्लॉस श्वाब और वॉलमार्ट के संस्थापक वाल्टन परिवार भी पोप को दान करते हैं। पोप की उपहार के तौर पर आमदनी लगभग 2.9 मिलियन डॉलर (लगभग 23 करोड़ रुपये) सालाना है।

पोप के पास रियल एस्टेट के रूप में 16 मिलियन डॉलर (लगभग 132 करोड़ रुपये) की संपत्ति है। उनकी संपत्ति और रहने-खाने के खर्च, जैसे कि भोजन, यात्रा और आवास का खर्च, वेटिकन के क्यूरिया फंड से पूरा किया जाता है। वेटिकन पोप की सुरक्षा, उनके अन्य खर्चे और जिम्मेदारियों का भी ख्याल रखता है। वेटिकन ने एक बार पुष्टि की थी कि पोप फ्रांसिस शुरुआत से ही ईसा मसीह के सच्चे सिद्धांतों का पालन करते रहे हैं। उन्होंने चर्च से कोई व्यक्तिगत पैसा नहीं लिया है और उनका जीवन बहुत साधारण रहा है।

## काठमांडू में नेत्रहीन निवारण केंद्र का उद्घाटन



**बीजिंग, एजेंसी।** नेपाल और चीन के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूती देते हुए नेपाल की राजधानी काठमांडू में हेल्थ एक्सप्रेस चीन-नेपाल नेत्रहीन निवारण सहयोग केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर नेपाल की संघीय संसद की राष्ट्रीय सभा की उपाध्यक्ष बिमला घिमिरे ने कहा कि इस केंद्र से नेपाल के कई मरीजों को बेहतरीन नेत्र चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। यह सहयोग केंद्र चीन की मदद से बने काठमांडू सिविल सर्वेंट्स अस्पताल में स्थापित किया गया है। चीन ने इस केंद्र को अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा उपकरण और अन्य ज़रूरी संसाधन भी मुहैया कराए हैं। अपने भाषण में बिमला घिमिरे ने चीन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि चीन ने नेपाल के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत अहम योगदान दिया है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस केंद्र की मदद से हजारों नेपाली मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। उन्होंने चीन की गरीबी उन्मूलन की उपलब्धियों की भी सराहना की और कहा कि चीन नेपाल का भरोसेमंद और दीर्घकालिक विकास साझेदार है। शांगहाई सहयोग संगठन की अच्छे पड़ोसी, मैत्री और सहयोग समिति की उपाध्यक्ष त्सुई ली ने इस मौके पर कहा कि यह केंद्र नेपाल और चीन के बीच सहयोग का एक नया अध्याय है। चीन न सिर्फ नेपाल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को ट्रेनिंग देगा, बल्कि अंधेपन की रोकथाम और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा। नेपाल में चीनी राजदूत छन सोंग ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में स्वास्थ्य रेशम मार्ग के तहत चीन और नेपाल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण साझेदारियां की हैं। चीन की मदद से नेपाल में कई अस्पताल और मेडिकल लैब बनाई गई हैं, जिससे यहां की प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं में जबरदस्त सुधार हुआ है। इसके अलावा, नेपाल में काम कर रही चीनी चिकित्सा टीमों ने हजारों मरीजों का इलाज और जांच की है।

## अमेरिका में अपने कर्मचारियों का ही पॉलीग्राफी टेस्ट कराने लगे ट्रंप

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद से एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। अब डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से अवैध अप्रवासियों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई के बीच, उनका प्रशासन कथित तौर पर अपने कर्मियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कर रहा है, ताकि उन जासूसों का पता लगाया जा सके, जिन्होंने प्रवासियों पर छापे के बारे में मीडिया को जानकारी लीक की हो।

सीबीएस न्यूज ने होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम के हवाले से बताया कि पॉलीग्राफ टेस्ट लगभग तीन हफ्ते से चल रहा है।

यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि अब तक कितने कर्मचारियों का टेस्ट किया गया है, लेकिन शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में नोएम ने कहा कि डीएचएस ने सूचना लीक करने वाले दो लोगों की पहचान की है, जिन पर कानून प्रवर्तन





अधिकारियों के जीवन को खतरे में डालने के लिए मुकदमा चलाया जाएगा।

हमने डीएचएसजीओ के अंदर आपराधिक लीक करने वालों की पहचान की ` हैं। इन व्यक्तियों को संघीय जेल में 10 साल तक की सजा हो सकती है। हम सभी लीक करने वालों को खोजकर उनका पता लगाएंगे। उन्हें जेल की सजा होगी और हम अमेरिकी लोगों को न्याय दिलाएंगे।

18 फरवरी को नोएम ने पहली बार एलान किया था कि मीडिया लीक को रोकने के लिए डीएचएस कर्मचारियों की पॉलीग्राफिंग शुरू करेगा।

व्हाइट हाउस के आंकड़ों के अनुसार, प्रशासन की तरफ से हत्यारों, बलात्कारियों और ड्रग तस्करों सहित अपराधियों को निशाना बनाए जाने के कारण 50,000 से अधिक अवैध अप्रवासियों को हटाया गया है। प्रशासन ने कई एजेंसियों जिसमें अल्कोहल, तंबाकू और विस्फोटक ब्यूरो और ड्रग प्रवर्तन प्रशासन शामिल हैं से इस प्रयास को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए कर्मियों को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। ट्रंप प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की नीति को भी हटा दिया।


## कनाडा पर एक और बम फोड़ने की तैयारी में ट्रंप! दोनों देशों की सीमा का फिर से कर सकते हैं निर्धारण

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ लगाने के बाद से कनाडा में चिंता और नाराजगी का माहौल है। अब ऐसा लगता है कि ट्रंप, कनाडा पर एक और बम फोड़ने वाले हैं। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए हैं कि वे कनाडा और अमेरिका की सीमा का फिर से निर्धारण का फैसला ले सकते हैं। ट्रंप ने कहा है कि उन्हें ऐसा लगता है कि अमेरिका और कनाडा के बीच हुआ सीमा निर्धारण सही नहीं है और इसे फिर से निर्धारित करने की जरूरत है।

दरअसल फरवरी में राष्ट्रपति ट्रंप और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच फोन पर बात हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बातचीत में ही ट्रंप ने दोनों देशों के बीच की सीमा संधि को लेकर नाराजगी जाहिर की थी और इसे फिर से निर्धारित करने की मांग की। ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा के बीच हुई जल संधि को लेकर भी नाखुशी जाहिर की। गौरतलब है कि अमेरिका और कनाडा के बीच साल 1908 में जलसंधि हुई थी, उस वक्त कनाडा, ब्रिटेन का हिस्सा था। अब ट्रंप दोनों देशों के बीच झीलों और नदियों के पानी के बंटवारे पर फिर से चर्चा करने की बात कर रहे हैं।

ट्रंप कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात भी कर रहे हैं और कई बार कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो को गवर्नर ट्रूडो कहकर संबोधित कर चुके हैं। इसे लेकर कनाडा में भारी नाराजगी है। ट्रंप ने कनाडा पर अमेरिका में फेंटानिल की तस्करी रोकने और अवैध अप्रवासियों की आवक रोकने में असफल रहने का आरोप लगाया था। साथ ही कहा कि दोनों देशों





के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई खामियां हैं। उन्होंने कनाडा पर अपने डेयरी उद्योग को संरक्षण देने, कनाडा में अमेरिकी बैंकों के कामकाज करने में होने वाली परेशानी का भी मुद्दा उठाया था। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी हाल ही में ट्रंप के बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अमेरिका द्वारा फेंटानिल का जो बहाना दिया जा रहा है, वह पूरी तरह से फर्जी और गलत है। उन्होंने कहा कि ट्रंप कनाडा की अर्थव्यवस्था को तबाह करना चाहते हैं ताकि कनाडा को अमेरिका के साथ मिलाना आसान हो जाए।

## कुलभूषण जाधव को अगवा कराने वाला मुफ्ती मारा गया

**क्वेटा, एजेंसी।** भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को अगवा कराने में मदद करने वाले मुफ्ती शाह मीर की पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौत हो गई है। उसे शुक्रवार रात अज्ञात बंदूक धारियों ने गोली मार दी। मुफ्ती मीर ने ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ की मदद की थी। शुक्रवार रात को नमाज के बाद वह मस्जिद से बाहर निकल रहा था। तभी बाइक सवार हमलावरों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया और कई बार गोली मारी। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक गोली लगने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ह्यूमन ट्रेफिकिंग (मानव तस्करी) और हथियारों की तस्करी में शामिल मुफ्ती मीर इस्लामिक कट्टरपंथी पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम का मेंबर था। पाकिस्तान ने जाधव को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना 3 मार्च 2016 को बताया कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया गया। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी आरएडब्ल्यू के लिए काम कर रहे थे।

# अमेरिका की राह पर पाकिस्तान: अफगान शरणार्थियों को देश खाली करने का आदेश

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने की नीति सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि अब पाकिस्तान भी इसी रास्ते पर चल पड़ा है. पाकिस्तान सरकार ने अफगान नागरिक कार्ड धारकों को 31 मार्च तक स्वेच्छा से पाकिस्तान छोड़ने की समय सीमा कर दी है. यह फैसला पाकिस्तान में दशकों से बसे अफगान शरणार्थियों के खिलाफ चलाए जा रहे निष्कासन अभियान का हिस्सा है. यहां हम पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों के इतिहास और उन्हें बाहर निकालने के पीछे की वजहों पर नजर डालते हैं.

**पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों का इतिहास:** पाकिस्तान के पास अफगान शरणार्थियों को शरण देने का एक लंबा इतिहास है. 1979 में अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण, 1990 के दशक की शुरुआत में हुए गृहयुद्ध और 1996 से 2001 तक तालिबान शासन की पहली अवधि और 9/11 के बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले कब्जे के दौरान लाखों अफगानों ने सीमा पार की. 2000 में पाकिस्तान ने शरणार्थियों को रोकने के लिए अफगानिस्तान के साथ अपनी सीमा को पूरी तरह से बंद कर दिया. अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने तक, पाकिस्तान में पिछले चार दशकों में आधिकारिक तौर पर लगभग 28 लाख अफगान रह रहे हैं.

**अफगान शरणार्थियों की वर्तमान स्थिति:** यूएनएचसीआर के अनुसार, पंजीकृत शरणार्थियों और 8 लाख से अधिक अनिर्दिष्ट लोगों सहित 3 मिलियन से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान में रह रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में वर्तमान में 8 लाख से अधिक अफगान नागरिकता कार्ड (एसीसी) धारक और लगभग 13 लाख पंजीकृत अफगान शरणार्थी निवास प्रमाण पत्र (पीओआर) कार्ड के साथ रह रहे हैं. पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री सरफराज बुगती ने 2023 में कहा था कि वर्तमान में लगभग 1.73 मिलियन अपंजीकृत अफगान अवैध रूप से देश में रह रहे हैं. 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद शरणार्थियों की एक नई आमद शुरू हो गई, जिससे 7 लाख से अधिक अफगान पाकिस्तान आ गए.

**पाकिस्तान के अभियान के क्या हैं कारण:** पाकिस्तान के पास शरणार्थियों के दावों के लिए कोई ढांचा प्रदान करने के लिए कोई घरेलू कानून नहीं है. देश ने पिछले चार दशकों में अफगानिस्तान के शरणार्थियों को संभाला है. पाकिस्तान ने 2006 से अफ़गान शरणार्थियों को पंजीकृत करने और उन्हें अस्थायी निवास के दस्तावेज प्रदान करने के लिए दो अभ्यास किए हैं, जिनमें से सबसे हालिया 2018 में समाप्त हुआ. पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों के खिलाफ पाकिस्तानी सरकार के अनुसार अवैध अफगान प्रवासियों



को पाकिस्तान छोड़ने के लिए कहने के प्रमुख कारण सुरक्षा चिंताएं, आर्थिक दबाव और राजनीतिक विचार हैं.

**सीमा सुरक्षा की चिंता:** पाकिस्तान के अधिकारियों का तर्क है कि अवैध विदेशी नागरिक अपराध और उग्रवाद को बढ़ावा देते हैं. इस्लामाबाद ने लंबे समय से अफगान प्रवासियों पर आतंकवादी समूहों को शरण देने या उनका समर्थन करने का आरोप लगाया है. अफ़गान-पाकिस्तान सीमा का अधिकांश हिस्सा ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरता है, जिस पर पूरी तरह से नियंत्रण करना मुश्किल है. पाकिस्तानी सेना ने सीमावर्ती क्षेत्रों में इस्लामी आतंकवादियों के खिलाफ कई ऑपरेशन किए हैं. हाल ही में दिसंबर 2024 में पूर्वी पक्तिका प्रांत में कथित टीटीपी ठिकानों पर अफगान अधिकारियों ने दावा किया कि हवाई हमलों में 46 लोग मारे गए.

पाकिस्तान सरकार आतंकवादी हमलों के लिए अफगान शरणार्थियों को दोषी ठहरा रही है. वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) 2025 के अनुसार, पाकिस्तान अब दुनिया भर में आतंकवाद से दूसरे सबसे अधिक प्रभावित देश के रूप में स्थान पर है. पाकिस्तान को बढ़ती महंगाई, बढ़ते कर्ज और संघर्षशील नौकरी बाजार का सामना करना पड़ रहा है. अफगान शरणार्थियों की मौजूदगी ने आवास, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों जैसे संसाधनों पर और भी ज़्यादा दबाव डाला है.



# चीन का नया सुपरकंप्यूटर Google के Sycamore से 10 लाख गुना होगा तेज

चीन ने ज़ुचोंगज़ी-3 नामक एक नया सुपरकंडक्टिंग क्वांटम कंप्यूटर पेश किया है, जो गूगल के साइकैमोर से 1 मिलियन गुना तेज और दुनिया के सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर से क्वाड्रिलियन (10^15) गुना तेज काम करता है। फिजिकल रिव्यू लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, यह कंप्यूटर 105 क्वांटम बिट्स (क्यूबिट्स) और 182 कपलर से लैस है, जो इसे क्वांटम रैंडम सर्किट सैंपलिंग (आरसीएस) कार्य में अब तक का सबसे तेज बनाता है।

**यह कैसे संभव है?**

चीन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूएसटीसी) की टीम ने इस कंप्यूटर के प्रोसेसर डिजाइन, वायरिंग कॉन्फ़िगरेशन और निर्माण को अनुकूलित किया है। इससे इसकी रीडआउट और नियंत्रण परिशुद्धता में सुधार हुआ है, जिससे यह गूगल के नवीनतम अक्टूबर 2024 के परिणामों की तुलना में 6 गुना बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हो गया है।

**गूगल बनाम चीनः क्वांटम वर्चस्व की दौड़**

गूगल के साइकैमोर प्रोसेसर ने 2019 में एक आरसीएस कार्य को केवल 200 सेकंड में पूरा कर लिया, जिसे दुनिया का सबसे तेज सुपरकंप्यूटर 10,000 वर्षों में कर पाता। अब चीन के ज़ुचोंगज़ी-3 ने भी यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यूएसटीसी के प्रोफेसर झू शियाओबो के अनुसार, इस तकनीक का अगला चरण त्रुटि दर को कम करना है, जिससे दोष-सहिष्णु सामान्य क्वांटम कंप्यूटर का निर्माण संभव हो सकेगा। यह भविष्य में एआई, जीव विज्ञान, दवा निर्माण और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी साबित हो सकता है।

**इसका क्या प्रभाव होगा?**

ज़ुचोंगज़ी-3 का विकास क्वांटम कंप्यूटिंग में गति बढ़ाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दवा खोज और नई प्रौद्योगिकियों के नवाचार पर भी पड़ेगा। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह भविष्य में दोष-सहिष्णु क्वांटम कंप्यूटर बनाकर शास्त्रीय कंप्यूटिंग को पूरी तरह से बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।





# आखिर क्यों सुनीता विलियम्स ने ठुकराया Elon Musk का सुझाव, लाइव स्ट्रीमिंग में दिया दोटूक जवाब

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क इन दिनों सुर्खियों में हैं। नवीनतम मामला उनके स्टारशिप रॉकेट के दुर्घटनाग्रस्त होने और अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स द्वारा उनके सुझाव के बदले में उन्हें लाइव स्ट्रीमिंग में दो टूक जवाब दिए जाने का है। जी हां, एलन मस्क ने सुनीता विलियम्स से सवाल पूछते हुए एक सुझाव दिया, जिसका उन्हें तुरंत जवाब भी मिला। एलन मस्क ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को बंद करने और समय से पहले इसे बंद करने की बात कही। उन्होंने सुनीता विलियम्स से इस बारे में पूछा, लेकिन पिछले 9 महीनों से आईएसएस में फंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने उनके सुझाव को पूरी तरह से खारिज कर दिया।

**सुनीता विलियम्स ने क्या जवाब दिया?:** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में 9 महीने तक फंसे रहे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर से बात करते हुए एलन मस्क ने कहा कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को रिटायर कर देना चाहिए। इसे वर्ष 2030 तक जारी रखने के बजाय अभी बंद कर देना चाहिए। इसे समय से पहले पृथ्वी की कक्षा से हटा दिया जाना चाहिए। इस सवाल और सुझाव के जवाब में सुनीता विलियम्स ने खुलकर जवाब दिया। उन्होंने स्टेशन के लिए विलियम्स के योगदान पर जोर दिया और कहा कि इसे समय से पहले बंद करना सही निर्णय नहीं होगा। इस समय स्टेशन पर चहल-पहल चरम पर है। इस पर अनुसंधान चल रहा है। स्टेशन पूरी तरह सक्रिय है। यह बहुत शानदार ढंग से काम कर रहा है. इसलिए अब रुकने का समय नहीं है। यह जवाब देकर सुनीता ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को समय से पहले बंद करने के पक्ष में नहीं हैं।

**एलन मस्क ने पहली पोस्ट में यह सुझाव दिया था**

आपको बता दें कि एलन मस्क ने हाल ही में अमेरिका की ट्रंप सरकार को सुझाव दिया था कि आईएसएस को समय से काफी पहले ही बंद कर देना चाहिए। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एक पोस्ट में कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है और अब नासा को मंगल ग्रह की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसलिए अब समय आ गया है कि अंतरिक्ष स्टेशन को अंतरिक्ष से हटाने की तैयारी शुरू कर दी जाए। वहीं, जब एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट कर उनसे पूछा कि क्या वह वर्ष 2030 से पहले अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन को अंतरिक्ष से हटाने की वकालत कर रहे हैं, तो मस्क ने स्पष्ट किया कि इस मामले में अंतिम फैसला अमेरिका की ट्रंप सरकार लेगी, उन्होंने सिर्फ एक सुझाव, एक सिफारिश दी है।



# फिल्म इंडस्ट्री में समान अवसर मिलेगा तभी सशक्त बनेंगी महिलाएं

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री मोना सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बात की।**

अभिनेत्री का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाएं तभी सशक्त बन सकती हैं, जब उन्हें भी मुख्य किरदार मिले, समान अवसर मिले। मोना ने कहा, मेरी राय में हमारे मनोरंजन जगत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव महिलाओं के प्रतिनिधित्व और उसकी विविधता को बढ़ावा देने के साथ ही अधिक समान अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर, उन्हें अधिक बारीक या अलग हटकर भूमिका निभाने की छूट देकर उनके लिए बेहतर किया जा सकता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री लोकप्रिय टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में शानदार काम कर घर-घर छा गईं। शो में उनका किरदार आज भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने शो में एक सेक्रेटरी की भूमिका निभाई, जो आंखों पर मोटा चश्मा, लगाए नजर आई, जिसमें कॉन्फिडेंस की कमी रहती है। टीवी के साथ ही मोना सिंह कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जस्सी जैसी कोई नहीं के बाद वह रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के पहले सीजन में नजर आई, जिसकी वह विजेता भी रहीं। 'फेमिना मिस इंडिया' और 'झलक दिखला जा 2' को भी होस्ट कर चुकी हैं।

टीवी जगत में सफल होने के बाद अभिनेत्री साल 2009 में बॉलीवुड में एंट्री कीं। उन्होंने राजकुमार हिरानी की कॉमेडी-ड्रामा 3 इडियट्स (2009) में सहायक भूमिका निभाई। उनके किरदार को दर्शकों ने पसंद किया। इस दौरान मोना ने कई और भी फिल्मों में सहायक भूमिका निभाई। उन्होंने लाल सिंह चड्ढा और मुंज्या जैसी फिल्में की। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की मां की भूमिका निभाई थी। साथ ही वह वेब सीरीज मेड इन हेवन और काला पानी में भी अहम किरदार में नजर आई। मोना सिंह साल 2012 में फोर्ब्स इंडिया की 100 सेलिब्रिटी की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं।



# अब फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी

'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया?

**क्यों लिया फिल्म का निर्माता बनने का फैसला?**

श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया। श्वेता ने आगे कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह प्रेम, पहचान और खुद के होने के साहस का उत्सव है। एक निर्माता के रूप में अब मेरे पास कहानियां कहने की रचनात्मक स्वतंत्रता है और मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। इसके अलावा श्वेता के प्रोडक्शन स्लेट में एक हॉरर फिल्म, एक ड्रामा और एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर शामिल है।

### बच्चों की कहानियां बनाना चाहती हैं श्वेता

इस फिल्म के अलावा श्वेता की रुचि बच्चों की कहानी बनाने में भी है। यह जॉनर उनके दिल के काफी करीब है। अभिनेत्री का मानना है कि हम जो फिल्में देखते हुए बड़े होते हैं, वह हमें बहुत गहराई से आकार देती हैं और उन्हें ऐसी कहानियां बनाने की उम्मीद है जो बच्चों के दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ें।



# टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया


रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रुपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रुपाली गांगुली कहती हैं, 'टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है।

### फिल्मों के बुरे अनुभव भी बताए

टीवी की तारीफ करने के अलावा रुपाली गांगुली ने यह भी बताया कि उन्होंने फिल्मों में काम करना क्यों छोड़ा। वह बताती हैं, 'कई लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना किया है। आज तो महिलाएं इस बारे में बात कर रही हैं, उस वक्त बात नहीं होती थी। यही बड़ी वजह रही कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ दिया।

# जेलर 2 को लेकर आई बड़ी जानकारी

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।



# पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं

मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं। ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी। इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी। नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा- 'इस किरदार को निभाना महज अभिनय तक सीमित नहीं है। ये एक भावना है। 'महाशक्ति' सिनेमा से परे एक शक्ति रखती है। सुंदर सर के विजन के साथ हम एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो हर दर्शक पर अपना असर छोड़ेगी। मैं इस भव्य यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं'। फिल्म की शूटिंग जोरों पर है और मेकर्स जल्द ही इसकी रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। इस फिल्म को भारत समेत कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा, जिससे ये एक पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर बनने की पूरी संभावना है। फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी।





# प्रभास ने मुफ्त में किया कन्नप्पा में कैमियो? विष्णु मांचू ने किया खुलासा

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें प्रभास के कैमियो और उनके किरदार के बारे में खास चर्चा हुई थी। वहीं, अब प्रभास के किरदार से जुड़ी बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### फ्री में प्रभास ने किया काम

साउथ सुपरस्टार प्रभास ने विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म कन्नप्पा में अपने दमदार कैमियो के लिए एक भी रुपये नहीं लिया। फिल्म में अभिनेता रुद्र की पौराणिक भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में एक्स पर चैटिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने विष्णु मांचू से पूछा, क्या प्रभास सर फ्री में एक्टिंग करते हैं? क्या यह सच है? इस पर विष्णु मांचू ने हां कहकर इसकी पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन उनका सकारात्मक जवाब प्रभास के प्रशंसकों को खुश करने के लिए काफी था।

### प्रभास ने तुरंत किरदार के लिए कह दी थी हां

विष्णु मांचू ने यह भी बताया कि प्रभास को कन्नप्पा में रुद्र की भूमिका स्वीकार करने में बस कुछ ही मिनट लगे। अभिनेता ने कहा, उन्हें यह बेहद पसंद आया। कन्नप्पा में बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार भी भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी की बात करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य भूमिका निभाने वाले विष्णु मांचू युद्ध की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के बाद भगवान शिव के एक उत्साही भक्त बन जाएंगे।

### फिल्म की शूटिंग और निर्माण

फिल्म में काजल अग्रवाल देवी पार्वती की भूमिका में होंगी और मोहनलाल किराता की भूमिका में नजर आएंगे। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है।





# मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह, कार्तिक ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

### कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह?

वीडियो की शुरुआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भूलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।

### करण ने कार्तिक की फिल्म का उड़ाया मजाक

आगे करण जौहर कार्तिक पर मजाकिया लहजे में सख्त होते हुए 2023 में आई कार्तिक की फ्लॉप फिल्म 'शहजादा' पर तंज कसते हुए कहते हैं, ओह मिस्टर कैजादा। जिस पर कार्तिक कहते हैं, जोक शहजादा पर बनता है, उस पर होना चाहिए। इस पर करण जौहर कहते हैं, उस पर कुछ नहीं बनता है।

### करण-कार्तिक के बीच हो गई थी अनबन

कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच तब रिश्तों में तल्खियां आने की खबरें सामने आई थीं जब 2021 में कार्तिक आर्यन को करण जौहर की फिल्म 'दोस्ताना 2' से बाहर कर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन बाद में कार्तिक को हटा दिया गया था। जिसके बाद इन दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया था।

### करण की फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक

2023 में कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करके दोनों के बीच फिर से दोस्ती हो जाने का संकेत दिया था। करण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी। जिसके बाद दोनों के बीच की अनबन पूरी तरह से खत्म हो गई है। अब दोनों 2025 के आईफा अवॉर्ड्स को भी होस्ट करते दिखेंगे।



# रणबीर कपूर के साथ फिल्म में काम करना चाहती हैं मावरा हुसैन

पिछले महीने पर्दे पर फिर से रिलीज हुई सनम तेरी कसम ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। नए फिल्मों से मुकाबला होने के बावजूद यह रोमांटिक ड्रामा फिर से दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म में मावरा हुसैन ने हर्षवर्धन राणे के साथ मुख्य भूमिका निभाई है। माहिरा हुसैन होकेन ने हाल ही में रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने व्यक्त किया कि वह उनके साथ रॉकस्टार का हिस्सा बनना पसंद करतीं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में मावरा हुसैन से पूछा गया कि वह रणबीर कपूर के साथ किस तरह की फिल्में करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं रॉकस्टार करना पसंद करती। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने कई बार देखा है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक निहाल कुमार साह वर्ल्ड वाइज न्यूज़ (दैनिक), दैनिक भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन , रातू राँची (झारखंड ) से मुद्रित , मोनिका भारती फ्लैट नंबर 305 सुशीला अपार्टमेंट, नियर काली मंदिर (जिला- हजारीबाग) राज्य- झारखंड , पिन नंबर 825301 से प्रकाशित (वरीय संपादकः अमरनाथ पाठक) पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ,
RNI.NO: JHAHIN/2023/85732, समस्त दिवानी विवादी, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परीवादो के लिए क्षेत्राधिकार हजारीबाग न्यायालय में रहेगा।